दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-188 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक दूसरे के जानी दुश्मन अब जिगरी दोस्त बन गए हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री द्वय डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा ने एक सुर में बेसुरा कश्मीर राग अलापा है। उनका कहना है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए वे मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। जहरीले नाग और नागीन की ये जोड़ी अब जम कर जहर उगलेगी और पिद्दी पाकिस्तान और चिरकुट चीन की मदद लेने से भी गुरेज नहीं करेगी। समझ में नहीं आता कि जिन आस्तीन के सांपों को पिटारे में बंद कर रखना चाहिए था उन्हे सरकार ने आखिर पिटारे से बाहर क्यों निकाल दिया है।

छत्तीसगढ़ के सबसे असरदार आईएएस

देश के टॉप 50 नौकरशाहों में भी शुमार सुब्रत साहू

फेम इंडिया की रिपोर्ट में 1992 बैच के एकमात्र अफसर

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबे के सबसे जहीन, काबिल और विकास योजनाओं में सबसे असरदार पॉलिसियां बनाने वाले नौकरशाहों में एकमात्र नाम बनकर उभरे हैं सुब्रत साहू। वर्ष 1992 बैच के अकेले आईएएस अधिकारी सुब्रत साहू को उनकी कार्यशैलियों की वजह से चुना गया है। देशभर के 50 सबसे प्रभावशाली ब्यूरोक्रेट्स के तौर पर चुने गए सुब्रत साहू प्रदेश के एकमात्र नौकरशाह हैं। उन्हें यह खिताब फेम इंडिया की रिपोर्ट की बदौलत मिला है। हालाकि सौम्य, गंभीर और पूरी शिद्दत से अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने वाले सीनियर आईएएस सुब्रत साहू के नाम कई उपलब्धियां जुड़ी हुई हैं। उनके व्दारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विकास की समुचित योजना बनाने, नीतियों को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने और उसे पूरी कामयाबी से लागू करवाने में अहम भूमिका निभाने की वजह से फेम इंडिया की रिपोर्ट में देशभर के 50 टॉप ब्यूरोक्रेट्स की लिस्ट में शामिल ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

इन पदों में सराहनीय कार्य

- बतौर कलेक्टर कई जिलों में विकास की समुचित योजना बनाए
- विकास की नीतियों को बनाने के साथ उसे लागू भी किया
- प्रदेश के सबसे व्यवहारिक कार्यशैली वाले आईएएस अफसर
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए
- देशभर के करीब 5000 आईएएस अफसरों में 50 में आया नाम
- सूबे में 1992 बैच के आईएएस कैडर के वे पहले टॉप ब्यूरोक्रेट्स

सीजी कैडर के 87 बैच के सुब्रमण्यम भी शामिल

वैसे फेम इंडिया एशिया पोस्ट सर्वे की रिपोर्ट में चुनिंदा ब्यूरोक्रेट्स की लिस्ट में छत्तीसगढ़ कैडर के एक और आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। हालाकि श्री सुब्रमण्यम 1987 बैच के आईएएस हैं और वे फिलहाल जम्मू और कश्मिर में मुख्य सचिव के पद पर तैनात हैं। इनके अलावा अलग अलग राज्य के 13 आईएएस अधिकारी नामजद हैं। लब्बोलुआब यह कि 1992 बैच के छत्तीसगढ राज्य के एकमात्र आईएएस के तौर पर टॉब ब्यूरोक्रेट्स की सूचि में मुख्यमंत्री के एसीएस सुब्रत साहू एकमात्र हैं।

जाति प्रकरण: 1 घंटा से ज्यादा चली बहस, सबसे लंबा बोले अमित, दिया नियमों का हवाला

दावा, आपत्ति, फैसला: प्रत्याशी अमित और ऋचा जोगी का नामांकन निरस्त

■ **19 प्रत्याशियों में 9वें नंबर पर अमित के लिए सबसे लंबा वक्त लगा**

■ **छानबीन समिति का आदेश, अमित के खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज**

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर/मरवाही। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) के नेता अमित जोगी के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज होगी। उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने अमित जोगी पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। छानबीन समिति की जाँच में ये बात सामने आई है कि अमित जोगी कंवर आदिवासी नहीं है। अमित जोगी ने कंवर आदिवासी का जाति प्रमाण पत्र धोखे से बनवाया है। आज अमित जोगी को बड़ा झटका लगा है। अमित जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है। उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने अमित जोगी के कास्ट सर्टिफिकेट को निरस्त कर दिया है। समझा जा रहा है कि जाति प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद मरवाही उप चुनाव के लिए अमित ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

नव प्रदेश
अन्तागढ़ का एपीसोड रिपीट हो सकता है मरवाही में, वह दबे छुपे था ये सरेआम होगा, अमित के लिए वकालत का हुनर दिखाने का समय शुरू होता है अब..

नव प्रदेश ने 17 अक्टूबर 2020 को पहले ही किया था प्रकाशित

मेरे पास नहीं थी कॉपी: अमित जोगी

इस आदेश की कॉपी अमित जोगी के पास नही थी। अमित जोगी के रायपुर स्थित निवास पर यह आदेश अब से कुछ देर पहले दिए जाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। बहस के दौरान निर्वाचन निर्देशिका कंडिका 12 का उल्लेख करते हुए अमित जोगी ने जवाब देने के लिए समय मांगा जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने अस्वीकार कर दिया था। यह आदेश कल जारी किया गया है, इसकी कॉपी मेरे पास नहीं थी, मुझे आपत्ति के वक्त यह आदेश की कॉपी दी गई। मैंने नियमों का हवाला देते हुए जवाब के लिए समय माँगा वो भी नही दिया गया। मेरे विरुद्ध जारी आदेश की कॉपी मुझ तक नही पहुँची पर आपत्तिकर्ताओं को मिल गई। जबकि अभी पूरी बहस हो चुकी, इस आदेश की कॉपी अभी मेरे निवास पर मुझे दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

कांग्रेस और गोंडवाना की आपत्ति

अमित जोगी के नामांकन में आपति कांग्रेस के अलावा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से उर्मिला मार्को और निर्दलीय प्रताप सिंह भानू ने की थी। तीनों ही के पास राज्य स्तरीय छानबीन समिति के उस आदेश की कॉपी थी जिसमें अमित जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त किया गया था।

सीएम भूपेश, सुरजेवाला सहित 30 स्टार प्रचारक

कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की जारी की सूची

रायपुर। *कांग्रेस ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव के लिये स्टार प्रचारको की सूची जारी कर दी है। सूची में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, सुष्मिता देव, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पी.एच.ई. मंत्री गुरू रूद्र कुमार, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह,* ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

बिहार इलेक्शन: महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी

10 लाख नौकरी, संविदा प्रथा खत्म करने और किसानों का ऋण माफ करने का वादा

पटना (वार्ता)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की अगुवाई वाले महागठबंधन ने आज अपना चुनावी घोषाणा पत्र प्रण हमारा संकल्प बदलाव का जारी करते हुए 10 लाख युवाओं को स्थायी नौकरी, शिक्षकों को समान काम के बदले समान वेतन देने, संविदा प्रथा समाप्त करने और किसानों का ऋण माफ करने का वादा किया है ।

महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और बिहार के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) की शशि यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अरुण सिन्हा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राम बाबू कुमार के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनावी घोषाणा पत्र प्रण हमारा संकल्प बदलाव का जारी करते हुए नीतीश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया और कहा कि सरकार रोजगार, गरीबी, भुखमरी और पलायन पर बात नहीं करना चाहती है । पिछले 15 साल से श्री नीतीश कुमार राज्य के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन आज तक बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला पाए। उन्होंने बिहार से पलायन को रोकना महागठबंधन का संकल्प है । महागठबंधन की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में दस लाख बेरोजगारों को नौकरी देने का फैसला किया जाएगा।

जनता भाजपा को जवाब देगी : कमलनाथ

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य के 28 विधानसभा उपचुनावों को राज्य के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आज कहा कि जनता उपचुनावों में भाजपा को करारा जवाब देगी। श्री कमलनाथ ने यहां उपचुनावों के लिए कांग्रेस के वचनपत्र को जारी किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी भी मौजूद थे। श्री कमलनाथ ने मीडिया से कहा कि उपचुनाव महत्वपूर्ण हैं और सत्तारूढ़ दल भाजपा के नेता, लोगों का मुख्य मुद्दों से ध्यान मोड़ने की राजनीति कर रही है। इसके नेता चुनावों के समय अक्सर चीन और पाकिस्तान के मुद्दे उठाने लगते हैं। यह सब ध्यान मोड़ने की राजनीति है।

खास- खबर

भारत में कोविड-19 वायरस में ज्यादा परिवर्तन नहीं : पीएमओ

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस जीनोम को लेकर दो अध्ययनों के आधार पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को पुष्टि की है कि भारत में वायरस वायरस में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोविड-19 महामारी की स्थिति और वैक्सीन के वितरण को लेकर बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने चुनावों के तर्ज पर वैक्सीन वितरम प्रणाली विकसित करने का सुझाव दिया है।

मिथुन चक्रवर्ती की पत्नी और पुत्र के खिलाफ गंभीर आरोप

मुंबई (वार्ता)। डिस्को डांसर फेम मिथुन चक्रवर्ती के पुत्र महाक्षय के खिलाफ दुष्कर्म और जबरिया गर्भपात तथा मामले को रफा-दफा करने के लिए धमकी दिये जाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वह 2015 से महाक्षय के साथ रिलेशनशिप में थी और उनकी मां ने दोनों की शादी कराये जाने का वादा किया था। पिछले चार साल से महाक्षय ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये रखा और जब वह गर्भवती हो गयी तो उस पर गर्भपात करा लेने के लिए दबाव डाला , लेकिन उसके इंकार किये जाने पर उसे कुछ गोलियां खिलाकर बच्चे का गर्भपात करा दिया गया।

नहीं रहे मुलायम के लगोंटिया दर्शन सिंह

इटावा (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के लगोंटिया सैफई गांव के प्रधान दर्शन सिंह यादव का शनिवार सुबह निधन हो गया । वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज लखनऊ के लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों ने प्रधान दर्शन सिंह यादव के निधन की जानकारी दी।

तालाब के दलदल में फंसा एक माह का हाथी, मौत

कोरबा (नव प्रदेश)। कटघोरा वन मंडल के केँदइ रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल के परला,बीट क्षेत्र में आने वाले कक्ष क्रमांक 348 पर पिछले 3 दिनों से 46 हाथियों का दल विचरण कर रहा था जिसमें लगभग 4 नन्हा सावक भी थे, इस संबंध में वन विभाग द्वारा मिली जानकारी अनुसार बीते रात्रि 16 अक्टूबर के दो से तीन बजे के करीब एक माह का नन्हा नर हाथी बच्चा ग्राम परला, पहाड़ के नीचे स्थित तलाब में पानी पीने के दौरान वह दलदल में जा घुसा जिससे उसकी मौत हो गई। घटने की खबर दिनांक 17 अक्टूबर को सुबह होते ही आग की तरह फैल गई और सूचना मिलते ही वन विभाग के परला बीट प्रभारी वनपाल मोतीराम सिदार ने अपने मातहत अधिकारियों को दी। खबर मिलते ही कोरबी परिक्षेत्र सहायक अधिकारी महेंद्र कुमार साहू, ने मौके का मुआयना कर अपने उच्च अधिकारी रेंजर अश्विनी कुमार चौबे को दी, जिस ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

प्रख्यात इतिहासकार आर एल शुक्ल नहीं रहे

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रख्यात इतिहासकार आर एल शुक्ल का शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पुत्र पंकज राग हैं जो मध्यप्रदेश में सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उनके भाई प्रभात रिपीट प्रभात शुक्ल भी जाने माने इतिहासकार हैं और वह भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सचिव रह चुके हैं । अठारह जनवरी 1938 को बिहार के वैशाली जिले के पानापुर गांव में जन्में श्री आर एल शुक्ल का पूरा नाम राम लखन शुक्ल है। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास में एम ए तथा पीएचडी की थी। उनकी गिनती आधुनिक भारत के शीर्ष इतिहासकारों में होती थी। वह वर्ष1974 में दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग में नियुक्त हुए थे तथा वर्ष1998 में अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होकर लेखन कर रहे थे।

सरकार कुछ खास 'मित्रों' की जेबें भर रही है : राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर हमला जारी रखते हुए शनिवार को 'वैश्विक भूख सूचकांक ' 2020 को लेकर निशाना साधा और कहा कि भारत का ग़रीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ़ अपने कुछ ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है।

शुक्रवार को जारी वैश्विक भूख सूचकांक 2020 के 117 देशों में भारत का 94 वां स्थान है जबकि इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नेपाल और बंगलादेश इसकी तुलना में कहीं बेहतर पायदान पर हैं। श्री गांधी ने इस संबंध में प्रकाशित एक ग्राफ को अपने ट्विटर पर साझा किया और केंद्र सरकार पर हमला करते हुए लिखा, भारत का ग़रीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ़ अपने कुछ ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है। सूचकांक के अनुसार इंडोनेशिया 70,नेपाल 73,बंगलादेश 75 और पाकिस्तान 88 वें पायदान पर है। श्री गांधी ने कल कोरोना से अर्थव्यवस्था को लगे झटकों को लेकर केंद्र पर हमला बोला था। उन्होंने एक ग्राफिक्स साझा करते हुए मोदी सरकार पर तंज कसा, भाजपा सरकार की एक और ठोस उपलब्धि , पाकिस्तान और अफग़ानिस्तान ने भी भारत से बेहतर ढंग से कोविड का प्रबंध किया है।



विडंबना 14 फीसदी आबादी कुपोषण का शिकार, नेपाल-बांग्लादेश और पाकिस्तान की हालत बेहतर

वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 94वें स्थान पर

नई दिल्ली ए.। भारत वैश्विक भूख सूचकांक 2020 में 107 देशों की सूची में 94वें स्थान पर है और भूख की 'गंभीर' श्रेणी में है। विशेषज्ञों ने इसके लिए खराब कार्यान्वयन प्रक्रियाओं, प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया। पिछले साल 117 देशों की सूची में भारत का स्थान 102 था।

पड़ोसी बांग्लादेश, म्यांमां और पाकिस्तान भी 'गंभीर' श्रेणी में हैं। लेकिन इस साल के भूख सूचकांक में भारत से ऊपर हैं। बांग्लादेश 75वें, म्यामां 78वें और पाकिस्तान 88वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल 73वें और श्रीलंका 64वें स्थान पर हैं। दोनों देश 'मध्यम श्रेणी में आते हैं। चीन, बेलारूस, यूक्रेन, तुर्की, क्यूबा और कुवैत सहित 17 देश भूख और कुपोषण पर नजर रखने वाले वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में शीर्ष रैंक पर हैं। जीएचआई की वेबसाइट पर शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। विशेषज्ञों का मानना है कि खराब क्रियान्वयन प्रक्रिया, प्रभावी ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

गरीब राज्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी मृत्यु दर

रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.7 प्रतिशत थी। इसके अलावा ऐसे बच्चों की दर 37.4 थी जो कुपोषण के कारण नहीं बढ़ पाते। बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान के लिए 1991 से अब तक के आंकड़ों से पता चलता है कि वैसे परिवारों में बच्चों के कद नहीं बढ़ पाने के मामले ज्यादा है जो विभिन्न प्रकार की कमी से पीड़ित हैं। इनमें पौष्टिक भोजन की कमी, मातृ शिक्षा का निम्न स्तर और गरीबी आदि शामिल हैं। इस अवधि के दौरान भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि समय से पहले जन्म और कम वजन के कारण बच्चों की मृत्यु दर विशेष रूप से गरीब राज्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी है।

भारत की रैंकिंग में समग्र परिवर्तन के लिए बड़े राज्यों के प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता : पूर्णिमा

अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति शोध संस्थान, नयी दिल्ली में वरिष्ठ शोधकर्ता पूर्णिमा मेनन ने कहा कि भारत की रैंकिंग में समग्र परिवर्तन के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय औसत उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से बहुत अधिक प्रभावित होता हैजिन राज्यों में वास्तव में कुपोषण अधिक है और वे देश की आबादी में खासा योगदान करते हैं। उन्होंने कहा भारत में पैदा होने वाला हर पांचवां बच्चा उत्तर प्रदेश में है। इसलिए यदि उच्च आबादी वाले राज्य में कुपोषण का स्तर अधिक है तो यह भारत के औसत में बहुत योगदान देगा। स्पष्ट है कि तब भारत का औसत धीमी होगा।

फ्रांस में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून दिखाने वाले शिक्षक का गला काटा

पेरिस ए.। फ्रांस में एक मिडिल स्कूल के टीचर की स्कूल के पास ही गला रेतकर हत्या कर दी गई। उस टीचर ने इस महीने की शुरुआत में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून दिखाया था। फ्रांस के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा कि उस युवक ने उसे पैगंबर का अपमान मान लिया था। अभियोजन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि इस मामले की आतंकवादी नजरिए से जांच शुरू कर दी गई है। यह जघन्य वारदात एरागनी नगर में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चाकू और एक एयरसॉफ्ट बंदूक से लैस संदिग्ध को पुलिस ने गोली से उड़ाया। हत्यारे ने पहले अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए और फिर शिक्षक का गला रेत दिया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा- आज हमारे एक नागरिक इसलिए मारे गए क्योंकि वह पढ़ा रहे थे, वह अभिव्यक्ति की आजादी के बारे में पढ़ा रहे थे। मैक्रों ने कहा, हमारे हमवतन पर बड़े पैमाने पर हमला किया गया, क्या वह एक इस्लामी आतंकवादी हमले का शिकार हुआ। वे नहीं जीतेंगे। हम कार्रवाई करेंगे।

न्यूज गैलरी

नशीली दवाइयां बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। सकरी क्षेत्र का युवक नूतन चौक में नशे की दवाइयां बेचता था। अब वह सरकंडा पुलिस की गिरफ्त में है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक की जिले में नशे के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के नेतृत्व में टीम बनाकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। नशे का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई की जाने की बात कही गई। इसी आदेश के परिपालन में आज कार्रवाई करते हुए सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता एवं स्टाफके द्वारा सरकंडा थाना क्षेत्र के नूतन चौक में एक युवक अजय साहनी , सकरी अटल आवास निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित नाइट्रेशन टेबलेट बरामद किया।

विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया उप जेल का निरीक्षण

मुंगेली (नव प्रदेश)। जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन एवं निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति द्वारा आज 16 अक्टूबर को उपजेल मुंगेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में 148 विचारधीन बंदी पाये गये। समिति द्वारा बैरकों में जाकर बंदियों से उम्र, देखरेख एवं वाले बच्चों के बारे में जानकारी ली गई। उपजेल परिसर में साफ-सफाई एवं बैरक व्यवस्थित पाया गया । कोरोना वायरस से बचाव हेतु नये बंदियों को अलग बैरक में रखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कश्यप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमति अंजूबाला शुक्ला, संरक्षण अधिकारी छविलाल साहू, कपिल कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार कंवर व अधीक्षक उपजेल मुंगेली उपस्थित थे।

मुंगेली: दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे में किया गिरफ्तार

मुंगेली (नव प्रदेश)। दुष्कर्म के आरोपी को 12 घंटो के भीतर पकड़ने में पुलिस ने सफलता पाई है। पुरा मामला लाल पुर थाना क्षेत्र का है जहां प्रार्थिया कुसुमलता नवरंग पिता गोरेलाल नवरंग उम्र 24 साल निवासी डेरहाकापा थाना लालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सूर्यकांत भारद्वाज पिता पंचराम भारद्वाज निवासी बिल्हा द्वारा षादी का प्रलोभन देकर मना करने पर भी षारीरीक संबंध बनाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी सूर्यकांत को 12 घंटो के भीतर ही गिर फ्तार कर रिमांड में भेज दिया। उक्त कार्यवाही में सीटी कोतवाली थाना प्रभारी विष्वजीत सिंह, उप निरिक्षक षिव कुमार कोसरिया उप निरिक्षक संजीव कुमार ठाकुर स उ नि बी आर राजपूत प्र आ मनीश सिंह दिलीप दिवाकर आरक्षक दिलीप साहू दयाल गावस्कर संजय यादव गिरीराज परिहार रवि कुमार जांगडी का योगदान रहा ।

संजीव दास बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

किरंदुल (नव प्रदेश)। श्रमजीवी पत्रकार संघ के दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना संगठन का विस्तार करते हुए शुक्रवार नए कार्यकारिणी की घोषणा की।यूपी बिहार भवन में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से किरंदुल बैलाडीला निवासी संजीव दास को कुआकोंडा ब्लॉक का अध्यक्ष घोषित किया गया। सक्सेना ने बताया कि लंबे समय से संगठन में लगन और निष्ठा से काम करने के कारण यह अहम जिम्मेदारी संजु को दिया गया। इस दौरान जिला महासचिव जितेंद्र चौधरी जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना उपाध्यक्ष रामकृष्णा बैरागी अनिल भदौरिया सह सचिव एस एच अजहर ऑफिस सेक्रेटरी शेखर दत्ता रघु राव रवि कुमार सदस्य शेख आजाद रवि दुर्गा किशोर जाल बी रामु ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विकासखण्ड ओड़गी के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए 24 तक आवेदन किये गये आमंत्रित

सूरजपुर (नवप्रदेश)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड ओड़गी में शासकीय उचित मूल्य दुकान मसनकी, मोहरसोप एवं विषालपुर का नवीन आबंटन किया जाना हैं। जिसके लिए आमजनों, सहकारी समितियॉ, वृहद आदिम जाति बहुउद्देषीय सहकारी समिति (लेम्पस, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वषासीय निकाय के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसमें इच्छुक संस्था 24 अक्टूबर 2020 तक कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भैयाथान में उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं।

धान खरीदी : कलेक्टर ने ली खाद्य विभाग एवं राईस मिलर्स की बैठक

सूरजपुर (संवाददाता)। आज कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीदी हेतु आवष्यक तैयारियों के संबंध में अपर कलेक्टर एस.एनमोटवानी की उपस्थिति में जिले के राजस्व

अमलों सहित राईस मिलर्स व आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधकों की बैठक ली। जिसमें खाद्य विभाग, जिला विपणन संघ, नागरिक आपूर्ति निगम, सहकारी बैंक सूरजपुर के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने खरीफविपणन वर्ष 2020-2021 हेतु धान खरीदी के लिए आवष्यक व्यवस्था बतौर बारदाने की उपलब्धता की जानकारी ली। जिसमें सभी राईस मिलर्स ने बरदाना उपलब्धता पर सहमति जताते हुए निष्चित समय अवधि में बरदानें उपलब्ध करानें की बात कही हैं। जिस पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सभी राईस मिलर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहां कि जिले की प्रगति में आप लोगों की महत्वपूर्ण योगदान हैं। जिले की प्रगति के लिए निरंतर अच्छा कार्य करनें को कहा तथा समय सीमा में शत् प्रतिशत मिलर्स को बरदाना जमा करने कहा एवं मिलर्स को किसी प्रकार की समस्या न हो संबंधित विभाग को समन्वय कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। पर्याप्त बारदाने के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार पीडीएस बारदाने के विकासखण्डवार संग्रहण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने ऐसे पीडीएस दुकान जहॉ खाद्यान्न वितरण हो चुका है, वहॉ से बारदाना उठाव कराकर समितियों में शत् प्रतिशत संग्रहित करने कहा है इसके पश्चात सुगमता से धान खरीदी संपन्र करने किसान पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली एवं नवीन पंजीयन तथा पूर्व के पंजीकृत किसानों की भी जानकारी ली गई। एवं शत् प्रतिषत किसान पंजीयन की प्रविष्ट करने के निर्देष दिये।

दुर्गोत्सव में नियम हो गए दरकिनार

समितियों द्वारा नहीं किया जा रहा शासन के दिशा- निर्देशों का पालन

नव प्रदेश संवाददाता

> पंडालो में स्थापित होने वाले दुर्गा समितियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की संख्या लगभग 17 है किंतु जमीनी स्तर पर देखा जाये तो लगभग 25 से 30 समितियां इस बार दुर्गा प्रतिमाए रख रही है।

मुंगेली। जहां पुरा देश प्रदेश में कोरोना जैसे भयंकर संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। जिसके चलते कई तीज त्यौहारों इसकी भेट चढ़ चुके है, वही नवरात्र पर्व पर भी इसकी छाया साफ नजर आ रही है, ऐसे में जिला कलेक्टर ने नियम बनाकर दुर्गा उत्सव समितियों एवं मंदिरों को अनुमति तो प्रदान की है, किंतु पुरे नगर में नियमो को दरकिनार कर दुर्गा पंडालो की स्थापना की गई है, जिसको देखते हुए यह प्रतित हो रहा है कि प्रशासन की मौन सहमति प्राप्त है। नवरात्र महोत्सव आज से प्रांरभ हो रहा है,शक्ति की अराधना के लिए भक्त तैयारी में लग गए है। मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों वाली प्रतिमाओ से अब बाजार सज चुके है। मंदिर व पंडालों में नौ दिन चलने वाले नवरात्र महोत्सव के लिए कमेटियों की बैठक भी हो रही है। लगभग 25-30 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिकपंडालों में दुर्गा विराजमान होंगी।नगर में नियमानुसार दुर्गा रखने के समितियों को एक सप्ताह पहले ही आवेदन देने के निर्देश जारी किये गये थे किंतु समितियों ने इस आदेश का भी पालन नही किया है, नगर पालिका अधिकारी और कर्मचारियों ने कहने को तो पंडालो का सर्वे कर पंडालो की साईज, सीसी टीवी कैमरे, एक समय में 20 व्यक्तियों तक ही प्रवेश जैसे नियमो का पालन के परिपेक्ष में समितियों से कोई जानकारी नही ली है, इस पुरे मामले में एक आला अधिकारी का कहना है कि सार्वजनिक रूप से रखे गये दुर्गा पंडालो को कुछ अनाधिकृत रूप से छुट दी गई है, अगर यह सत्य है तो नियमो का क्या औचित्य , नियम तो महज दिखावटी ही प्रतित होते है। ज्ञात हो कि जहां प्रशासन द्वारा नित नये नियमों का हवाला दिया जाता है वही कुछ दिनों पहले मुसलिम सामज द्वारा नगर के मसजिद में चुनाव का आयोजन रखा गया था, जिसे कोरोना की दुहाई देकर प्रशासन द्वारा रोक लगया जा रहा था, वही दुर्गा उत्सव समितियों को ऐसी छुट देना प्रशासन की दोहरी नीति को झलकाता है।

22 से दमपूरे. से गुजरेगी पांच पूजा स्पेशल ट्रेन

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल्वे प्रशासन के द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एवं होकर जानी वाली भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर, पूरी-सूरत-पूरी, पूरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पूरी, विशाखापट्टनम-निजामुदिन-विशाखापट्टनम एवं विशाखापट्टनम- लोकमान्य तिलक टर्मिनल- विशाखापट्टनम सहित पाँच पूजा स्पेशल ट्रेनों की सुविधा। 01) 02880 / 02879 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा 22 अक्टूबर से 02 दिस्म्बर, तक इस गाड़ी का परिचालन होगा । यह गाड़ी 02880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल द्वि- साप्ताहिक पूजा स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को भुवनेश्वर से 22, 26 एवं 29 अक्टूबर, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 नवम्बर, 2020 को चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 24, 28 एवं 31 अक्टूबर, 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 एवं 28 नवम्बर, 02 दिसम्बर, 2020 को चलेगी । इस गाड़ी में 04 एसी थ्री, 01 एसी टू टायर, 11 स्लीपर, 01 पेंट्रीकार एवं 02 सामान्य सहित कुल 19 कोच रहेंगे । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी । इन गाड़ी का ठहराव एवं समय सारणी पूर्व में चल रही 12880 / 12879 भुवनेश्वर - लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस का बेलपहाड़ स्टेशन को छोडकर बाकी सभी स्टेशनो में इस स्पेशल गाड़ी का ठहराव दिया गया है।

पुलिस ने कत्ल एवं लूट की गुत्थी 7 दिनों में सुलझाई

मुंगेली (नव प्रदेश)। निसंतान दंपत्ती पर किये गये हमले एवं लूट मे संल्गन 4 आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार , बीते 10 अक्टुबर को नगर में हुए एक वृद्ध महिला की हत्या एवं उसके पति को हमला कर घायल करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकडने में सफ्लता हाशिल की है। ज्ञात हो कि 10 अक्टुबर को सीटी कोतवाली थाना में लक्ष्मण साहू पिता स्व. कुशल साहू उम्र 63 वर्ष ने रिर्पोट दर्ज कराया था, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटना स्थल एवं आसपास से साक्ष्य एकत्र एवं संदेहियों की पतासाजी में जुटी थी, संदेही उमेश कुमार विश्वकर्मा पिता किशोरकुमार विश्वकर्मा उम्र 31 वर्ष साकिन जैतपुरी थाना लालपुर हा.मु. महामाया मंदिर के पास रामगढ थाना सीटी कोतवाली मुगेली से कडाई से पुछने पर उसने अपना

अपराध कबूल कर लिया, पुछताछ के दौरान उसने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते उसने इस घटना क्रम को अंजाम दिया, इस कार्य में सके साथी आरोपियों में क्रमश टेक राम उर्फ टेकू यादव पिता अनुज यादव उम्र 19 वर्ष, अनिल कुमार यादव पिता चंद्रिका यादव उम्र 26 वर्ष कलेश्वर दास उर्फ लालू पिता संतोष दास मानिकपुरी उम्र 19 वर्ष भी थे। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 लाख 60 हजार रू एवं 2 मोटर सायकल एवं 1 प्लास बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

आनलॉईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ करने हेतु तिथि निर्धारित

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अर्धशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पात्रता रखते है। उन्हे शिक्षा सत्र 2020-21 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रस्ताव स्वीकृति वितरण की कार्यवाही ीजजचरू्ध्ध्उचेबण्उचण्दपबण्पदध् बहचउे वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए तिथि निर्धारित किया गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली द्वारा ग्राम तरवरपुर में सब्जियों का बीज वितरण

मुंगेली (नव प्रदेश)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली के 10 चयनित गौठान ग्रामों में प्रत्येक गाँव से 20 कृषकों की बाडियों का निरीक्षण कर चयन किया गया है। योजना का क्रियान्वयन डाँ आर. एल. शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में किया गया। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामो मे से ग्राम तरवरपुर के 20 कृषको की बाडियों का पुनः निरीक्षण करते हुये कृषि विज्ञान केंद्र कि विषय वस्तु विशेषज्ञ श्रीमति नेहा लहरे एवं सुश्री प्रमिला जोगी ने प्रत्येक कृषकों के बाडी हेतु फ्लदार पौधा जैसे नीबू, आम, अमरूद, आँवला, गंगा बेर, करोंदा, पपीता, इमली इत्यादि एवं सब्जियों का बीज वितरण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से भिंडी, फ्रेंच बीन,

पालक, गाजर, मूली, खीरा, करेला, कद्दू, रखिया आदि के बीज थे। इस दौरान कृषि विज्ञानं केंद्र मे संलग्न ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव ;तॉम्ध्त्म।क्ल्द्ध कार्यक्रम के विभिन्न कृषि महाविद्यालय के स्थानीय छात्र भी उपस्थित थे। केंद्र की वैज्ञानिक श्रीमती नेहा लहरे ने हितग्राहियों से निवेदन किया कि शासन के महत्वपूर्ण योजना में पोषण बाड़ी योजना के अंतर्गत जो पौधे तथा बीज दिए जा रहे है, उसे वैज्ञानिक पद्यति से लगाकर ही पोषण आहार की पूर्ति हो पाएगी तथा परिवार में पोषक आहार के लिए जरुरी फ्ल, सब्जी, भाजी आदि के लिए हम बाजार में निर्भर न रहकर अपने घर में ही पूर्ति कर आत्मनिर्भर रह सकते हैं। वैज्ञानिक सुश्री प्रमिला जोगी ने कृषको को बताया कि बीज को क्यारी बनाकर माँदा में लगाये ताकि अधिक बारिश से बीज एवं पौधों को बचाया जा सके। उन्होने बताया कि बीजों को पौधों की आवश्यकता के अनुसार निश्चित दूरी में लगाये। योजना अंतर्गत पूर्व मेँ भी कृषकों को फ्लदार पौध का वितरण किया जा चुका है।

शौचालय टंकी के विरोध में उतरीं महिलाएं

नव प्रदेश संवाददाता

पखांजुर। कोयलीबेड़ा जनपद अंतर्गत ग्राम पी.व्ही. 119 की महिलाएं इंद्रा मार्केट में ग्राम पी.व्ही. 05 निवासी विश्वजीत हालदार द्वारा बनाए जा रहे शौचालय टंकी के विरोध में शिकायत लेकर पखांजुर एसडीएम कार्यालय पहुँचे । ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पी.व्ही. 119 इंद्रा मार्केट के चौक में एक हैण्डपम्प हैं जिसका उपयोग 30 परिवार के लोगों द्वारा किया जाता हैं , इस हैण्डपम्प के पास ग्राम पी.व्ही. 05 निवासी विश्वजीत हालदार द्वारा शौचालय टंकी का निर्माण कराया जा रहा हैं जिससे इस नल का पानी दूषित होकर पीने योग्य नहीं रहेगा । जब ग्रामीणों द्वारा विश्वजीत हालदार से इस विषय पर बात की गयी तो उनके द्वारा धौंस जमाते हुए उक्त हैण्डपम्प का उसके पट्टे के ज़मीन पर स्थित होना बताया जा रहा हैं जिससे परेशान होकर अब गाँव की महिलाएं विश्वजीत हालदार के खिलाफ शिकायत लेकर पखांजुर एसडीएम कार्यालय पहुँचे हैं । इस विषय पर पखांजुर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती. निशा नेताम मंडावी का कहना है कि मैंने उक्त विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए टंकी निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया हैं साथ ही संबंधित पक्ष को समझाईश भी दी है कि वो सार्वजनिक हैण्डपम्प के पास शौचालय टंकी का निर्माण न करें , यदि भविष्य में उसके द्वारा उक्त स्थान पर शौचालय टंकी निर्माण किया जाता हैं तो उस पर उचित कार्यवाही भी की जाएगी।

बर्तन साफ कराने के बहाने दुष्कर्म की कोशिश, गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। एक ड्राइवर बारह बरस की बच्ची को पैसा देकर बर्तन साफ कराने के बहाने अपने गाड़ी मालिक के घर ले गया और उसके साथ दुष्कृत्य करने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवारी बाजार की है,जहां पर वह खड़ा था। इसी दौरान उसकी नज़र 12 साल की बच्ची पर पड़ी। लड़की अपने भाई-बहन के साथ कबाड़ बीन रही थी। ड्राइवर उसके करीब गया और अपने घर में बर्तन साफकराने के बहाने कार से अपने वाहन मालिक के घर ले गया। वहां ले जाकर बच्ची के साथ उसने दुराचार करने की नीयत से छेड़खानी की। इस बीच बच्ची के भाई बहन आ गए। वे कार का पीछा कर रहे थे।

अंग्रेजी मीडियम स्कूल का कलेक्टर ने किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज मंगला स्थित शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में बनाए जा रहे अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन किया। शहर के एन.जी.ओ बिलासपुर राउन्ड टेबल 283 द्वारा इस कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना भी बेहतर होनी चाहिए ताकि उनका सर्वागींण विकास हो सके। उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर माध्यिमक मंगला का उन्नयन उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम शाला के रूप में किया गया है। इस स्कूल के प्रथम तल में चार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण के लिए एन.जी.ओ. द्वारा सहयोग

किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों का इस प्रकार सहयोग के लिए आगे आना स्वागत योग्य है। कलेक्टर ने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका क्रियान्वयन हम सभी को मिलकर करना है। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी श्री ए.के. भार्गव, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक श्री संदीप चोपड़े , एन. जी. ओ. राउन्ड टेबल 283 के अध्यक्ष नवदीप अरोरा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

स्वावलंबन पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह की महिलायें कम लागत में कर रही हैं मशरूम का उत्पादन

मशरूम खेती के लिए महिला समूह को दिया गया प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। कलेक्टर रणवीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, उप संचालक कृषि श्री दिनेश चंद्र कोसले, कृषि विज्ञान केंद्र अजरिमा के प्रमुख वैज्ञानिक श्री रविन्द्र तिग्गा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत श्यामनगर, विकासखंड प्रतापपुर में पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह की आय दुगुनी करने के प्रयास में मशरूम की खेती का प्रायोगिक तौर तरीकों को विस्तार पूर्वक वैज्ञानिक गण व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा बताया गया। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं

को बताया गया कि कम लागत में गेंहूं के भूसे को बावस्तीन और फॉर्मेलिन दवाइयों को अच्छी तरह मिलाकर गर्म पानी मे उबालकर उसे सीधे तेज धूप में न सुखाकर छाया में ही अच्छी तरह निथारकर सुखाना चाहिए उसके पश्चात प्लास्टिक बैग में तीन लेयर तैयार कर मशरूम बीजो का उपयोग कर मशरूम उत्पादन कर सकते हैं। मशरूम प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है, इसलिये इसकी बिक्री भी ऊंचे दामों में होती है, ऐसे में महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा इसका उत्पादन और बिक्री कर अपनी आय बढ़ाने का प्रयास कर सकती हैं, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के प्रयास से गांव में 5 कृषको के यहाँ पोषण वाटिका बंनाने की कार्ययोजना तैयार की गई हैं, जिससे अन्य किसान भी उसे देखकर अपनाकर लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर श्री शर्मा के नेतृत्व में ऐसे कई काम जिले में हो रहे हैं, जिससे महिला स्वयं सहायता समूह की महिलायें आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए नये-नये तरीकों को अपना रही है। इन सभी कार्यो में कृषि विज्ञान केंद्र अजरिमा के सभी वैज्ञानिक गण का विशेष योगदान रहा है।

मुख्य सचिव ने ली जिलों की समीक्षा बैठक

रायगढ़ (नव प्रदेश)। मुख्य सचिव आर.पी.मंडल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर श्री भीम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह से जिले में चल रहे शासन की योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में चल रहे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के अद्यतन स्थिति से मुख्य सचिव को अवगत कराया। मुख्य सचिव श्री मंडल द्वारा जिले मे गिरदावरी कार्य के तहत रकबा सत्यापन कार्य की जानकारी लेने पर कलेक्टर श्री भीम सिंह ने बताया कि गिरदावरी के दौरान रकबा सत्यापन में पिछले वर्ष के मुकाबले 22 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ितों को 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहायता मंजूर की जाती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के चार प्रकरणों में 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत सूरजपुर जिले की प्रेमनगर तहसील के ग्राम नवापारा कलां के शिवमंगल की मृत्यु सर्पदंश से हो जाने के कारण तथा उत्तर बस्तर (कांकेर) जिले की नरहरपुर तहसील के ग्राम कोसमपानी के श्री हरीश कुमार कुंजाम की मृत्यु पानी में डूबने से हो गई थी, उनके परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। विकास खण्ड नारायणपुर के ग्राम हलामीमुंजमेटा के मनीराम उईके और लाल साय की मृत्यु पानी से डूबने से हो जाने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

छोकरा नाला पर ब्लास्टिंग अवधि में यातायात प्रतिबंधित

रायपुर। राजधानी रायपुर के समीप रायपुर-बिलासपुर मार्ग के किलोमीटर 14/2 पर छोकरा नाला पर निर्मित पुराने उच्च स्तरीय सुपर स्ट्रक्चर के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इस भाग को ब्लास्टिंग कर तोड़ा जाएगा। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रायपुर के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि क्षतिग्रस्त स्लेब को तोड़ने का कार्य 19 अक्टूबर सोमवार के मध्य रात्रि 12 बजे से 20 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 4 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। ब्लास्टिंग कार्य की पूर्णता अवधि में समीप स्थित सभी पुलों एवं मार्गों से यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

छत्तीसगढ़ में अब तक 1287.7 मिमी वर्षा दर्ज

रायपुर। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संकलित जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक जून से अब तक कुल 1287.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। प्रदेश में सर्वाधिक बीजापुर जिले में 2441.2 मि.मी. और सबसे कम सरगुजा में 921.2 मिमी औसत वर्षा अब तक रिकार्ड की गई है। एक जून से अब तक सूरजपुर में 1401.8 मिमी, बलरामपुर में 1183.2 मि.मी., जशपुर में 1424.6 मि.मी., कोरिया में 1126.3 मि.मी., रायपुर में 1081.7 मि.मी., बलौदाबाजार में 1105.4 मि.मी., गरियाबंद में 1271.9 मि.मी., महासमुन्द में 1321.2 मि.मी. बारिश दर्ज की है।

दस्तावेजों के पंजीयन के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट पोर्टल में भी होगा बेहतर सुधार

रायपुर में एक और उपपंजीयन कार्यालय खुलेगा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक पंजीयन अधीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक ने बताया है कि हाल ही में विभिन्न पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन होने वाले दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण अपॉइंटमेंट प्राप्त होने में कठिनाई होने बाबत सूचना प्राप्त हुई है। विगत माह रायपुर पंजीयन कार्यालय में कुछ स्टाफ के कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण पंजीयन कार्य बाधित हुआ था तथा नवरात्री के त्यौहार होने के कारण पंजीयन योग्य दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। यह भी पाया जाता है कि कुछ लोगों द्वारा एक ही दस्तावेज के लिए एक से अधिक बार अपॉइंटमेंट प्राप्त कर लिया जाता है। इस कारण से भी आम लोगों को अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में असुविधा हुई है। इस समस्या के निराकरण हेतु ई-पंजीयन सिस्टम में सुधार कर ई-पंजीयन अपॉइंटमेंट की नई व्यवस्था की गई है।

ई-पंजीयन की नई व्यवस्था के अनुसार अब विक्रय पत्र मामले में अपॉइंटमेंट केवल प्रतिफल मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक मूल्य के ई-स्टेम्प के आधार पर ही दिया जाएगा। यदि पूर्व से ही किसी पक्षकार द्वारा प्रतिफल राशि के 5 प्रतिशत से कम मूल्य के ई-स्टेम्प के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त किया है, उन्हें 24 घंटा का समय देते हुए सूची भेजी जाएगी कि वे सही मूल्य के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त करें। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उनका अपॉइंटमेंट निरस्त करते हुए अन्य लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। यह भी व्यवस्था की गई है कि एक ही दस्तावेजों के लिए एक से अधिक अपॉइंटमेंट नहीं लिया जा सके इसके लिए यह व्यवस्था की गई है कि सिस्टम इस बात के लिए भी जांच करेगा कि लिए जा रहे अपॉइंटमेंट में उपयोग किए गए ई-स्टेम्प के द्वारा पूर्व में भी तो अपॉइंटमेंट तो प्राप्त नहीं किया गया है। यदि उसी ई-स्टेम्प में पहले भी अपॉइंटमेंट लिया जा चुका है, तो उन्हें अपॉइंटमेंट प्रदान नहीं किया जा सकेगा। यदि अपॉइंटमेंट प्राप्त होने के कारण कोई पक्षकार अपना दस्तावेज पंजीयन हेतु निर्धारित तिथि और समय में प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसी दस्तावेज को पंजीयन हेतु अपॉइंटमेंट 15 दिवस पश्चात प्राप्त हो सकेगा। पक्षकार आसानी से अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सके इसलिए आगामी 15 दिवस के लिए ऐसी व्यवस्था अपॉइंटमेंट पोर्टल में किया गया है। अपॉइंटमेंट प्राप्त करने के लिए पोर्टल प्रतिदिन सुबह 8 बजे से खुलेगा और यह तब तक जारी रहेगा जब तक आगामी 15 दिवस का अपॉइंटमेंट पूरा बुक न हो जाए।

राजधानी रायपुर में पंजीयन कार्यालय में दस्तावेजों की अधिकता होने के कारण यहां पांचवा उपपंजीयक कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी गई है। इस अतिरिक्त पंजीयन कार्यालय में रायपुर एसआर5 के नाम से पंजीयन किया जा सकेगा। पक्षकार इसके लिए आगामी सोमवार 19 अक्टूबर 2020 अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सकेंगे। अपॉइंटमेंट प्राप्त होने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर विभागीय हेल्पलाइन नंबर 07714912523,18002332488 में सम्पर्क किया जा सकता है। पंजीयन हेतु पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होने वाले सभी पक्षकारों से अनुरोध किया गया है कि कोविड-19 की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी गाइन-लाइन का पालन करें। पंजीयन कार्यालय में भौतिक दूरी बनाए रखने, मास्क लगाने, सेनेटाईजर इस्तेमाल करने बाबत दिए गए निर्देशों का पालन आवश्य किया जाए।

नवरात्रि : सोशल डिस्टेन्सिंग के जरिये भक्तों ने की माँ की पूजा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस देवी मंदिरो मे कोरोना के चलते भीड़ नही दिखी। श्रद्धालुओ को हाइटेक तरीके से देवी के दर्शन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। राजधानी के प्राचीन महामाया मंदिर मे भक्तो को सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ पुजा करने का अवसर दिया गया। पुजारी के मुताबिक इस बार केवल चैत्र के समय पंजीयन किए गए 5 हजार ज्योत ही जलाए जायेंगे। वही 151 राज ज्योत जलायी जाएगी। वही रायपुर के प्राचीनतम मंदिरों में से एक मां दंतेश्वरी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ आज देखी गई कोरोना महामारी के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया गया। इधर रतनपुर महामाया मंदिर में भी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए हाईटेक व्यवस्था की गई है फेसबुक और ट्विटर तथा व्हाट्सएप के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को मां महामाया का दर्शन लाभ मिल रहा है यही नहीं दंतेश्वरी और डोंगरगढ़ में भी इस बार कोरोना महामारी के चलते सोशल मीडिया के द्वारा श्रद्धालुओं को माता रानी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा।

स्वयं दुःखी न बनूं औरों को भी दुःखी न करूं, यही है जीवन जीने की सही कला : साध्वी सम्यकदर्शनाश्री

श्रीजिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, एमजी रोड में चातुर्मासिक प्रवचन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में साधना-आराधना चातुर्मास के अंतर्गत जारी जिनवाणी प्रवचन करते हुए शनिवार की धर्मसभा में परम पूज्य साध्वी श्रीसम्यकदर्शनाश्रीजी महाराज साहब ने कहा कि चिंतन करें कि हमारा उद्देश्य या लक्ष्य क्या है? जीवन में स्वयं का कल्याण करना, खुद का हित करना। खुद का हित क्यों करना, ताकि मुझे सुख मिले। जो व्यक्ति स्वयं का हित करता है वही दूसरों का हित करेगा। दूसरों का हित कर रहें हों तो समझना कि स्वयं का भी हित हो गया। यह जीवन हमें अपने कल्याण, अपने हित के लिए मिला है। किन्तु वह स्व-हित भी

निःस्वार्थ हो। भौतिक दृष्टिकोण से व्यक्ति अपना हित स्वयं को लखपति, करोड़पति, अरबपति बनाना मानता हैं, बहुत कमा लूं इसमें मेरा हित हो जाएगा ऐसा वह सोचता है। यह उसका निःस्वार्थ नहीं स्वार्थपूर्ण हित है। हित करना उसे कहा गया जिसमें स्वयं भी दुःखी जीवन न जीउं, औरों को भी दुःखी जीवन जीने का अवसर आने नहीं दूं। मैं स्वयं दुःखी न बनूं औरों को भी दुःखी न करूं, इसे कहते हैं जीवन जीने की सही कला। यही है हित व स्व-कल्याण की भावना जो स्वयं के भीतर बनी हुई है।

पूज्य साध्वी भगवंत ने आगे कहा- भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर जिनकी देशणा लोक कल्याण व स्व-पर कल्याण के लिए होती थी। वे भव्य जीवों को बोध देने के लिए वे एक संबोधन किया करते थे भो-भो महानुभाव...। महानुभाव शब्द का प्रयोग उन्होंने उनके लिए किया जो निकट मोक्षगामी हैं, अपुनर्बंधक हैं; अर्थात् जो पाप से डरते हैं, पाप करते नहीं हैं, वे अपने सामने परिणाम को सदा रखते हैं। परलोक को अपने विचारों में समक्ष रखते हैं। किसी को दुख न हो, किसी का अहित न हो ऐसा जीवन जीने वालों के लिए उन्होंने महानुभाव शब्द का प्रयोग किया। धर्म अनुरूप जीकर आत्म साधना जिनके जीवन का लक्ष्य है, उन्हें महानुभाव से संबोधित किया गया।

साध्वीश्री ने कहा कि संसार को ही सब कुछ मान लेना यह हमारा उद्देश्य कदापि न हो। संसार ही सब कुछ नहीं है, यह संसार व्यर्थ है- असार है। संसार में नाना आपत्तियां-विपत्तियां हैं जो मुझमें ऐसी परम्परा लगा देंगी कि मैं सदा आपत्तियों में फंसता ही रहूंगा। जब मेरे जीवन में निरंतर आपत्तियों की परम्पराएं शुरू हो जाएंगी तो मैं अपना हित कैसे कर पाउंगा। मुझे इन आपत्तियों से दूर होना है, इन आपत्तियों को दूर करना है। प्रभु परमात्मा की गौतम गणधर की देशणा सुनकर हम अपने जीवन का ऐसा सही उद्देश्य बना लें। हम अपने पुण्य के मूल्य को समझें, हमें आर्य देश में, जैन कुल में जन्म मिला, परमात्मा के दर्शन, साधु-साध्वियों के दर्शन का सुयोग मिला। धर्म करने का हमें जब अवसर और योग मिला है तो हम उस धर्म की वृद्धि, उसके विकास की योजना बनाएं। धर्म केवल शरीर से नहीं अपितु धर्म मन-वचन अर्थात् अन्तर के भावों से करना है।

प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला से शिक्षक फेडरेशन ने की मुलाकात

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन तकनीकी शिक्षा विभाग उप समिति छत्तीसगढ़ ने बताया कि शासकीय इंजिनीरिंग महाविद्यालय एवं पॉलीटेक्निक संस्थाओं में कार्यरत तृतीय श्रेणी (शैक्षणिक सेवा) के कर्मचारियों के सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2005 में संशोधन करने का ज्ञापन प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला को दिया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी,तकनीकी शिक्षा उप समिति छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरुण ध्रुवे, उपाध्यक्ष पीताम्बर ध्रुवे,संगठन सचिव रविन्द्र पोर्ते एवं संगठन मंत्री मिलिंद वैद्य ने बताया कि विभाग केसेटअप में डाईंग कैडर एवं समाप्त किये गए अनेक पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को समयमान वेतनमान स्वीकृत नही हो पा रहा है। क्योंकि वित्त विभाग के परिशिष्ट में इन पदों का उल्लेख नहीं है। पदाधिकारियों ने प्रचलित सेटअप में विलोपित किये गए पदों को पुनर्जीवित करने एवं सेवा भर्ती नियम 2005 में संशोधन करने का मांग प्रमुख सचिव से किया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायकों के वेतन विसंगति के निराकरण का अनुमोदन विभागीय मंत्री तथा वित्त विभाग से होकर प्रशासकीय स्वीकृति एवं आदेश के लिए प्रमुख सचिव के समक्ष प्रस्तुत है। जिसके स्वीकृति हेतु ज्ञापन में उल्लेख किया गया है।

विरोध...

रायपुर। अम्बेडकर अस्पताल के संविदा डॉक्टरों ने चाय बेचकर किया प्रदर्शन।

हिदायत — वजन उठाते समय और व्यायाम करते समय रखें पीठ का खास ध्यान

सावधानी और सही खानपान से कम हो सकती है रीढ़ की हड्डी की समस्याएं

- कंप्यूटर की स्क्रिन पर ज्यादा समय बैठते हैं तो लेवल का ध्यान रखें
- वर्ल्ड स्पाइन डे पर आयोजित क्विज में एम्स की टीम ने बाजी मारी, पुरस्कृत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के चिकित्सकों ने रीढ़ की हड्डी की बढ़ती समस्या को देखते हुए सभी से दैनिक दिनचर्या में कुछ सावधानियां बरतने और खानपान का उचित ध्यान रखने का आह्वान किया है। इसके साथ ही कंप्यूटर स्क्रिन के लेवल को सही रखने और वजन उठाते समय पूरा झुककर वजन उठाने की सलाह दी गई है।

वर्ल्ड स्पाइन डे पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव से प्रत्येक घर में अब रीढ़ की हड्डी से संबंधित परेशानियां होने लगी हैं। युवा अब अधिक से अधिक स्क्रिन का प्रयोग कर रहे हैं इसका भी दुष्प्रभाव रीढ़ की हड्डी पर पड़ता है। उन्होंने इस संबंध में निरतंतर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

एम्स के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक अग्रवाल का कहना था कि दैनिक दिनचर्या में रोजाना काफी देर बैठना पड़ता है। यदि बैठने का तरीका सही न हो तो इसका दुष्प्रभाव रीढ़ की हड्डी पर पड़ता है। रोजाना व्यायाम करने से पहले भी वार्म अप एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए। जो युवा कंप्यूटर का अधिक प्रयोग करते हैं वे आंखों के साथ स्क्रिन के लेवल का ध्यान भी जरूर रखें। इसी प्रकार वजन उठाने के लिए आधा झुकने की बजाय धीरे से बैठकर सामान उठाने से रीढ़ की हड्डी पर इसका दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने खाने में संतुलित भोजन लेने पर भी जोर दिया।

वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने के लिए कहा। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में स्पाइन और विभिन्न ऑपरेशन प्रोसिजर के बारे में चिकित्सा छात्रों से पूछा गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई टीमों के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एम्स की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. पी.के. नीमा भी उपस्थित थे।

लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों को सुविधाएं देने में प्रदेश रहा अव्वल

- राज्य के 97.80 प्रतिशत प्रवासी श्रमिकों को मिला राशन शत-प्रतिशत
- श्रमिकों को मिली क्वारंटाइन सुविधा
- श्रमिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन, नगद सहायता, कृषि ऋण, मनरेगा में
- रोजगार सहित मिली कई सुविधाएं

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान लौटे प्रवासी श्रमिकों को सुविधाएं देने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल राज्य रहा है। यह निष्कर्ष इंटरफेरेंशियल सर्वे स्टेटिक्स एण्ड रिसर्च फाउंडेशन (आईएसएसआरएफ) द्वारा किए गए सर्वे में सामने आया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य में प्रवासी श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की सुविधा देने के लिए तेजी से कदम उठाए और अनेक श्रमिक हितैषी निर्णय लिए गए।

इंटरफेरेंशियल सर्वे स्टेटिक्स एण्ड रिसर्च फाउंडेशन ने देश के छह प्रमुख प्रवासी श्रमिकों की वापसी वाले राज्यों छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सर्वे किया। जो लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों को उपलब्ध कराई गई आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं पर केन्द्रित रहा।

छत्तीसगढ़ में लौटे शत-प्रतिशत प्रवासी श्रमिकों को क्वारेंटाईन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, 97.80 प्रतिशत प्रवासी श्रमिकों को पात्रतानुसार निःशुल्क और रियायती दरों पर राशन दिया गया, इसी तरह श्रमिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन, नगद सहायता, कृषि और मनरेगा में रोजगार और कृषि ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। छत्तीसगढ़ श्रमिकों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन देने के मामले में सर्वेक्षित राज्यों में पहले स्थान पर है। यह सर्वे बिलासपुर, दंतेवाड़ा, जशपुर, महासमुंद और राजनांदगांव की 99 ग्राम पंचायतों में किया गया। जिसमें पांच सौ से अधिक प्रवासी श्रमिकों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ में किए गए सर्वे में बिलासपुर जिले की 28, दंतेवाड़ा की 15, जशपुर की 20, महासमुंद की 19 और राजनांदगांव की 17 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में 30 जून से 28 जुलाई के बीच सर्वेक्षण किया गया। सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। पहली श्रेणी में गैर कृषि कार्य में संलग्न श्रमिक, जो 52.98 प्रतिशत स्किल्ड हैं और दूसरी श्रेणी में आयरन और वेल्डिंग, फेब्रीकेशन कार्यों में 40.43 प्रतिशत स्किल्ड हैं। कुशल श्रमिकों में छत्तीसगढ़ का योगदान एक तिहाई है। छत्तीसगढ़ से 63.94 प्रतिशत श्रमिक कंस्ट्रक्शन, पाइंप कटिंग वर्क में स्किल्ड हैं।

संपूर्ण भारत में शक्ति की आराधना के 9 रूप

भारत मे अनेकता मे एकता देखने को मिलती है, भारत के प्रमुख त्यौहारों में से एक है नवरात्री

दुर्गा पूजा या नवरात्री हिन्दुओ के द्वारा मनाया जाने वाला एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है. नवरात्री में हिन्दू देवी माँ दुर्गा की पूजा की जाती है. नवरात्री का मतलब नौ रातें, इस दौरान दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है. यह भारत के अलावा नेपाल में भी मनाया जाता है. दुर्गा पूजा को लेकर अलग अलग लोगो की अलग अलग मान्यताये है. हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, वर्ष मे 4 नवरात्री होती है. 2 मुख्य नवरात्रि तथा 2 गुप्त नवरात्रि. 2 मुख्य नवरात्रि में से एक तो जो पित्र पक्ष के समाप्त होने पर आश्विन मास मे प्रारंभ होती है तथा दूसरी जो की हिंदू नववर्ष चैत्र मे प्रारंभ होती है. मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि का महत्व शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के बराबर ही होता है। खासकर तंत्र मंत्र की साधना करने वाले लोगों के लिए गुप्त नवरात्र बेहद खास होती हैं।

शारदीय नवरात्री -

यह मुख्य नवरात्री है, जिसे महा नवरात्री भी कहते है. यह नवरात्री आश्विन शुक्ल पक्ष की पड़वा से शुरू होती हैं. एवम नौ दिवस तक मनाया जाती हैं. नवरात्री के 10 वें दिन दशहरा होता है, उसके 20 दिन बाद दिवाली का त्यौहार मनाया जाता है. शरद माह में आती है, इसलिए इसे शारदीय नवरात्री भी कहते है.

चैत्र नवरात्री

इसे बसंत नवरात्री भी कहते है. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में आती है. इस नवरात्री के साथ हिन्दू कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुवात होती है. यह मार्च अप्रैल के समय आती है. इस नवरात्री के नौवें दिन, रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है. इस लिए इसे राम नवरात्री नाम से भी जाना जाता है. जो रीती, पूजा शरद नवरात्री में होती है, वो इस नवरात्री में भी होती है. यह नवरात्री उत्तरी भारत में बहुत प्रसिद्ध है. महाराष्ट्र में गुडी पड़वा एवं आंध्रप्रदेश में उगडी के साथ शुरू होती है.

देश के विभिन्न क्षेत्र में नवरात्री का महत्व

बंगाल मे इन आठ दिनो मे बड़े बड़े पंडालो मे देवी का पूजन सभी लोग साथ मिलकर करते है. बंगाल में दुर्गा पूजा का आयोजन होता है, जो सप्तमी से नवमी तक होता है. ये तीन दिन पूरा बंगाल दुर्गा पूजा में डूबा हुआ होता है. नवमी के अंतिम दिन पुष्पांजलि देते है और महिलाए कुमकुम की होली खेलती है.

पंजाब में इसे नवरात्रा कहते है, जहाँ पहले सात दिन व्रत रखा जाता है. अष्टमी के दिन व्रत तोड़ते है, और कन्याओं को भोजन कराते है. उत्तरभारत में नवरात्री के मौके पर रामलीला का भी आयोजन होता है.

गुजरात, मुंबई में नवरात्री का मतलब होता है गरबा रास. गरबा, डांडिया रास का विशेष आयोजन छोटे बड़े सभी रूपों में किया जाता है. गुजरात में अब सरकार द्वारा नवरात्री फेस्टिवल सेलिब्रेशन का आयोजन होता है. जहाँ देश विदेश से लोग पहुँचते है और इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है.

महाराष्ट्र में भी घटस्थपाना का विशेष महत्व है, लोग नवरात्री के पहले दिन इसकी विशेष तैयारी करते है.

तमिलनाडु में देवी के पैरों के निशान और देवी की तरह तरह की प्रतिमा को घर में स्थापित करते है, जिसे गोलू या कोलू कहा जाता है. यह एक झांकी की तरह प्रस्तुत की जाती है. सभी अपने रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को अपने घर इसे देखने के लिए आमंत्रित करते है. यहाँ रंगोली भी बनाई जाती है, जिस पर कलश स्थापना की जाती है. इस दौरान स्पेशल प्रसाद बनाया जाता है, जो सभी को बांटा जाता है. तमिलनाडु के साथ साथ केरल मे भी अष्टमी के दिन सरस्वती पूजन का महत्व है. इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करते है, साथ ही सभी पुस्तक, वाद्य यंत्र की भी पूजा की जाती है. इसे दिन सभी मशीनों, गाड़ी की भी पूजा करते है, जिसे अयुध्य पूजा कहते है. तमिलनाडु के सभी मंदिरों में विशेष पूजा होती है.

कर्नाटका में नवमी के दिन अयुध्य पूजा होती है. यहाँ मैसूर में दशहरा के दिन मैसूर दशहरा मनाया जाता है, जो पूरी दुनिया में अतिप्रसिद्ध है. इस त्यौहार की शुरुवात वहां राजा वोदेयार ने 1610 में की थी. सन 2010 में मैसूर दशहरा ने 400 साल पुरे कर लिए थे, जिसे मौके पर हर साल से ज्यादा भव्य आयोजन किया गया था. वहां इस दिन से किसी भी अच्छे काम की शुरुवात की जाती है.

तेलंगाना में नवरात्री को बदुकम्मा के रूप में नौ दिन मनाया जाता है. यहाँ पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा होती है, उसके अगले तीन दिन देवी लक्ष्मी की फिर उसके अगले तीन दिन देवी सरस्वती की पूजा होती है.

माता दुर्गा के नौ अवतार

माता शैलपुत्री - प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा का होता है. यह देवी दुर्गा का ही एक रूप है. माता ने अपने इस रूप मे शैलपुत्र हिमालय के घर जन्म लिया था. माता अपने इस रूप मे वृषभ पर विराजमान है. उनके एक हाथ मे त्रिशूल और दूसरे हाथ मे कमल का फूल है।

माता ब्रांहमचारिणी - दूसरा दिन माता ब्रहमचारिणी की पूजा का होता है. माता ने अपने इस रूप मे भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप किया था . देवी ने अपने इस रूप मे एक हाथ मे कमंडल और दूसरे हाथ मे जप की माला धारण किये हुये है. इस दिन माता को शक्कर का भोग लगाया जाता है तथा इसी का दान किया जाता है. माता के इस रूप का पूजन दीर्घ आयु प्राप्त करने के लिए किया जाता है.

माता चंद्रघंटा - तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा की जाती है. कहा जाता है की यह देवी का उग्र रूप है, परंतु फिर भी देवी के इस रूप से भक्तो को सभी कष्टो से मुक्ति मिलती है . माँ के इस रूप मे 10 हाथ है तथा सभी हाथो मे माँ ने शस्त्र धारण किए हुये है. इन्हे देखकर ऐसा लगता है कि माँ यूध्द के लिए तैयार है.

माता कृषमांडा- चौथा दिन होता है देवी कृषमांडा के पूजन का . ऐसा कहा जाता है कि माता के इस रूप मे हसी से ब्रहमांड की शुरवात हुई थी. देवी के इस रूप मे 8 हाथ है और उन्होने अपने इन 8 हाथो मे कमंडल, धनुष बांड, कमल, अमृत कलश, चक्र तथा गदा लिए हुये है।

माता स्कंदमाता - नवदुर्गा मे पाचवे दिन देवी के इसी रूप की पूजा होती है. माता के इस रूप मे पूजन से उनके भक्तो को सारे पापो से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है . नवरात्रि के इस दिन माता स्कंदमता को अलसी नामक औषधि अर्पण करने से मौसम मे होने वाली बीमारी नहीं होती और इंसान स्वस्थ रहता है. माता के इस रूप मे माता कमल पर विराजमान है।

माता कात्यानि - छटे दिन देवी के इस रूप की पूजा की जाती है. देवी के इस रूप को कत्यान ऋषि ने अपनी घोर तपस्या से प्राप्त किया था तथा देवी ने अपने इसी रूप मे महिशासुर का वध किया था. कहा जाता है की कृष्ण भगवान को अपने पति के रूप मे पाने के लिए गोपियो ने देवी के इसी रूप का पूजन किया था।

माता कालरात्री - सातवे दिन देवी के इस रूप की पूजा जाती है, परंतु कई लोग देवी कालरात्रि को कालिका देवी समझ लेते है पर ऐसा नहीं है दोनों ही देवी के अलग अलग रूप है . यह देवी का बहुत ही भयानक रूप है देवी अपने इस रूप मे एक हाथ मे त्रिशूल और एक हाथ मे खड़ग लिए हुये है।

माता महागौरी -आठवे दिन माता गौरी की पूजा का विधान है. यह माता की बहुत ही सौम्य, सरल तथा सुंदर रूप है. माता अपने इस रूप मे वृषभ पर विराजमान है. उन्होने हाथो मे त्रिशूल और डमरू लिया हुआ है तथा अन्य 2 हाथो से वह अपने भक्तो को वरदान और अभयदान दे रही हैं. मान्यता यह है की माता के इस रूप मे भगवान शंकर ने माता का गंगाजल से अभिषेक किया था, इसलिए माता को यह गौर वर्ण प्राप्त हुआ.

माता सिध्दीदात्री -नौवे दिन देवी सिध्दीदात्री की पूजा की जाती है. इन्ही के पूजन से नवदुर्गा की पूजा सम्पन्न होती है तथा भक्तो को समस्त सिद्धधी प्राप्त होती है . माता के इस रूप मे माता कमल पर विराजमान है. पर कहा जाता है कि माता का वाहन सिह है. इस रूप मे माता के 4 हाथ है इन 4 हाथो मे माता ने शंख, चक्र, गदा तथा कमल लिया हुआ है।

वर्ष में दो से अधिक बार आता है माता का पर्व

वसंत नवरात्रिः - सनातन धर्म कैलेंडर के अनुसार चैत्र माह में मनाया जाता है. आधुनिक कैलेंडर के अनुसार मार्च का माह कहा जाता है. पर्व की 9वीं रात को 'राम नवमी' के रूप में मनाया जाता है.

गुप्ता नवरात्रिः -यह नवरात्रि जून / जुलाई माह में मनाई जाती है. इसे आम लोग ना करते हुए तंत्र क्रिया करने वाले साधक मनाते है. जिसे गायत्री नवरात्रि भी कहते हैं.

शरद नवरात्रिः -अक्टूबर / नवंबर के माह में मनाई जाती है. सर्द मौसम की शुरुआत होती है. वैज्ञानिक रूप से संक्रमण से बचाव के लिए इन दिनों एक समय भोजन करना लाभदायक होता है. हिंदू कैलेंडर के अनुसार, नवरात्रि अश्विनी माह में मनाया जाता है. 10 वे दिन विजया दशमी के रूप में मनाया जाता है.

पौष नवरात्रिः -सनातन कैलेंडर के अनुसार पौष माह में इस नवरात्रि को मनाया जाता है.आधुनिक कैलेंडर के अनुसार दिसंबर / जनवरी माह में पड़ता है.

माघ नवरात्रिः -हिंदू कैलेंडर के माघ माह में मनाया जाता है. आधुनिक कैलेंडर के अनुसार जनवरी / फरवरी का माह होता है।

कहा जाता है की देवी का पूजन बहुत ही सावधानी पूर्वक करना चाहिए, अगर देवी के पूजन मे कोई भी गलती हुई तो देवी तुरंत नाराज हो जाती है. इसीलिए जब भी किसी पंडाल मे देवी विराजमान की जाती है, तो पंडितो के समूह द्वारा देवी के पूजन का पूरा ध्यान रखा जाता है. ब्राह्मणो द्वारा 9 दिनो तक सारे विधिविधान तथा मंत्रोउच्चार बहुत ही सावधानी पूर्वक किए जाते है. जो लोग घरो मे देवी को विराजमान करते है, वह भी पूजा मे सारी सावधानी करते है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

विषाद तो जैसे

विषाद तो जैसे जीवित लाश...! कमाल की है ना ये बात कि जब फूल खिलते है तो आकाश की तरफ उठते हैं और जब मुरझाते हैं तो जमीन की तरफ गिर जाते हैं। आदमी जीवित होगा तो आकाश की तरफ उठेगा और मरेगा तो दफ़न होगा मिट्टी में। विषाद युक्त चित्त नीचे की तरफ गिरेगा और आनंद से भरा चित्त ऊपर को और ऊपर जायेगा परमात्मा में। **- राकेश मिश्रा**

धागा था मोतियों

धागा था, मोतियों को थाम कर रखा माला बन अरमानो को सजा कर रखा टूटा धागा कमज़ोर सा था पल कोई बिखरे मोती अरमानों के इधर उधर बिखरे हुये टुकड़ों को समेट कर तन्हाइयों के चादर मे लपेट कर चुपचाप चली जाऊँगी अंधेरों मे कहीं रौशन दरीचों को यूँ ही छोड़ कर। **- शीखा लाहीरी**

खास पाती | चलो सखी! मिलकर जयकार



चलो सखी! मिलकर जयकार लगाएं अपने भीतर की शक्ति को जगाएं नवरात्र की इस पावन बेला में आशाओं के नवदीप जलाएं.. असुरक्षा के चक्रव्यूह को तोड़ें अत्याचार की घेराबंदी को तोड़ें न्याय-अन्याय के इस समर में दुर्गा रूप स्वयं में भर लाएं.. चलो जलाएं प्रचंड रोष की ज्वाला घर घर में उठे आक्रोश मतवाला और कुछ नहीं तो,अपने ही भीतर से डर के महिषासुर को भगाएं.. शिक्षा का प्रचार करें हम कुरीतियों पर वार करें हम अपने अस्तित्व की जीवंतता खातिर चलो खुद की इक पहचान बनाएं। **- सीमा भाटिया**

जीवन में हो उजियारा, दूर हो



जीवन में हो उजियारा, दूर हो अँधेरा माँ ने पग धरा, आया नवरात्र प्यारा जग जननी करते है नमन आपको कर जोड़ विनती हो कल्याण हमारा महामारी का तांडव मचा चारो ओर मिले सुरक्षा कवच माँ सबको शक्ति दो माँ भक्ति दो माँ नाश करो माँ सारी विकृतियों को ऐसे आव्हान के साथ आओ माँ हमारे द्वार खुशियों का सजे द्वार , हर सपना हो साकार। मनाये हर्षोउल्लास से नवरात्रि का त्योहार। **- वंदना भट्नागर**

मोह- मद चूर्ण कर ज्ञान- निधि पूर्ण

मोह- मद चूर्ण कर ज्ञान- निधि पूर्ण कर । ऋद्धि -सिद्धि दायिनी माँ भाव - उपहार लो । भीत हो भृकुटि देख त्रास बोले त्राहि -त्राहि । अपराध कर क्षम्य चण्डिके उबार लो । आसुरी विकार अब पायें न पाताल ठौर । विपदा से तारने को काली अवतार लो । दिव्य भव्य चिर नव्य प्राण किये प्रीत से जो। नमन 'अधर' - उर अम्बिके स्वीकार लो ।। **-शुभा शुक्ला मिश्रा अधर**

जाने कैसा ये वख्त़ गुजर रहा

जाने कैसा ये वख्त़ गुजर रहा है गुज़र रहा है लम्हां-लम्हां,अरसा-अरसा वख्त़ की साज़िश ये कौन कर रहा है यूँ हीं सोचते-सोचते तुम्हे उम्र बीत रही है, माना कि ज़रा मैं संवर सा गया था सूरज सा दूर से वो दहक रहा था सिहर गया कैसे जब पास जाके छू लिया! जाने कैसा ये वक्त गुजर रहा है। **- नीलीमा श्रीवास्तव**

बड़ा ही चमत्कारिक दिन होगा

बड़ा ही चमत्कारिक दिन होगा ! जब यह न्यूज़ चैनल वाले बिहार में विकास को खोज निकालेगें। तन-मन-धन धन से लगे हुए इन सभी न्यूज़ चैनल एंकरों और संवाददाताओं को मेरा दंडवत प्रणाम !! आखिर कब तक छुपा रहेगा विकास! मिलेगा जरूर बिहार में विकास मिलेगा मिलकर रहेगा! **- प्रवीण माटी**

पहना जिसके नाम का कंगन बिंदी

पहना जिसके नाम का ,कंगन बिंदी हार। माँगू मैं उसके लिए ,प्रभु से दुआ हज़ार। प्रभु से दुआ हज़ार,निरोगी रखना काया। चले सर्वदा संग ,प्रेम का बनकर साया। करे नहीं तकरार, न टाले कोई कहना। दाता सिर पर ताज,तभी पत्नी का पहना।। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

हे जग-जननी हे जग-तारण करो धरा पर

हे जग-जननी हे जग-तारण करो धरा पर फिर अवतार, लूट-खसोट,भ्रष्टाचार के साथ चल मानव करें व्यभिचार, बेटी सताई जाती नित,अबला नित मारी जाती शक्ति स्वरुप, नवरुप लिए नवरात माँ दुर्गे दुखहरणी बन जाओ सबका पतवार। **- रमेश कुमार सिंह**

QUIZ TIME

1) वाकाटक नरेशों को बस्तर के किस राजवंशी शासकों से संघर्ष हुआ ?
2) छत्तीसगढ़ का वास्तविक राजनीतिक इतिहास किस राजवंश की स्थापना के साथ आरंभ होता है ?
3) छत्तीसगढ़ के किन क्षेत्रों में नरबलि की प्रथा प्रचलित थी ?
4) कौन-सा जनपद नर्मदा बेसिन का भाग हैं?
5) छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वप्रथम गठन विचार के संकल्पनाकार हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नल (2) कल्चुरि (3) करौंद (4) राजनांदगांव (5) सुन्दर लाल शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1386 - जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1564 - इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की। 1572 - स्पेन की सेना ने मास्ट्रिच पर हमला कर दिया। 1648 - उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना। 1878 - थॉमस एल्वा एडिसन ने घरेलू उपयोग के लिए बिजली उपलब्ध करायी। 1892 - अमेरिका में शिकागो से न्यूयॉर्क के बीच पहली लंबी दूरी की वाणिज्यिक फोन लाइन को शुरू किया गया। 1898 - अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया। 1900 - काउंट बर्नार्ड वॉन बुलो जर्मनी के चांसलर बने। 1922 - ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई, जिसका नाम बाद में बदलकर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन किया गया। 1925 - प्रसिद्ध रंगमंच निदेशक और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक इब्राहिम अल्काज़ी का जन्म। 1931 - बिजली के खोजकर्ता थॉमस एडिसन का निधन। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरू की। 1950 - हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म। 1954 - टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो का निर्माण किया। 1967 - हेंस ए बेथे को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1972 - पहले बहु-आयामी हेलीकॉप्टर एसए-315 का बेंगलुरु में हवाई परीक्षण।

'कुछ- कुछ होता है' के प्रदर्शन के 22 साल पूरे, भावुक हुईं काजोल

मुंबई, 17 अक्टूबर (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी सुपरहिट फिल्म 'कुछ कुछ होता है' के प्रदर्शन के 22 साल पूरे होने पर भावुक हो गयी। करण जौहर के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को रिलीज हुए 22 साल हो गए हैं। फिल्म में शाहरूख खान, काजोल और रानी मुखर्जी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। सलमान खान फिल्म में कैमियो भूमिका में थे। काजोल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से 'कुछ कुछ होता है' से जुड़े तीन वीडियोज शेयर किए हैं। तीनों में फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से जुड़े काजोल के डायलॉग सुनाई दे रहे हैं।

मलाइका अरोड़ा ने संजय कपूर को खास अंदाज में दी बर्थडे की बधाई

नई दिल्ली। संजय कपूर का आज बर्थडे है। संजय, अर्जुन कपूर के चाचा हैं। अर्जुन के चाचा के बर्थडे पर मलाइका अरोड़ा ने स्पेशल पोस्ट किया है। मलाइका ने संजय के साथ एक कूल फोटो शेयर कर लिखा, हैप्पी बर्थडे सबसे यंग, गुड लुकिंग और एनरजेटिक कपूर। वहीं अर्जुन ने भी अपने चाचू को बर्थडे विश करते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे चाचू, आप हमेशा ऐसी ही हंसते रहें जैसे इस फोटो में हंस रहे हैं। मलाइका की अर्जुन के परिवार के साथ अच्छी बॉन्डिंग है। वह अर्जुन और उनके चाचा-चाची यानी संजय कपूर और उनकी पत्नी के साथ वेकेशन पर भी गई थीं। वेकेशन से सभी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। बता दें कि कुछ दिनों पहले अर्जुन और मलाइका दोनों कोरोना से संक्रमित हो गए थे। हालांकि अब दोनों ठीक हो गए हैं।

अक्षय के साथ काम कर खुद को भाग्यशाली मान रही है मानुषी

मुंबई (वार्ता)। मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'पृथ्वीराज' में काम कर खुद को भाग्यशाली मान रही है। यशराज फिल्मस के बैनर तले निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'पृथ्वीराज' बना रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अक्षय, पृथ्वीराज जबकि मानुषी संयोगिता का किरदार निभा रही हैं। कोरोना वायरस महामारी के कारण फिल्म की शूटिंग रोक दी गयी थी। अब फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी गयी है।

मानुषी ने कहा, ÷अक्षय सर के साथ काम कर खुद को मैं भाग्यशाली मानती हूं। मुझे हर किसी से सहयोग मिल रहा है। जब आप डेब्यू करते हैं तो यह कठिन होता है और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। अक्षय सर सहित हर कोई बहुत सहयोगी और उत्साह बढ़ाने वाला है। मानुषी ने कहा, मैं 'पृथ्वीराज' के सेट पर वापस आने के लिए रोमांचित हूं, क्योंकि मैंने इस लाइफ को बुरी तरह से मिस किया है। मैं हर दिन शूटिंग के लिए तैयार हूं, क्योंकि मैं बहुत कुछ सीख रही हूं और मुझे यह पसंद आ रहा है। मैं अक्षय सर के साथ सेट पर होने के लिए उत्साहित थी, क्योंकि मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है और बहुत कुछ सीखना बाकी है।

नेहा कक्कड़ की शादी के बाद दूल्हा बनेंगे आदित्य नारायण

नई दिल्ली। आदित्य नारायण ने गर्लफ्रेंड श्वेता के साथ अपनी शादी की डेट की अनाउंसमेंट कर दी है। आदित्य ने बताया कि वह 1 दिसंबर को शादी करने वाले हैं। आदित्य ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि कोविड 19 की वजह से वह सिर्फ परिवार और करीबी दोस्तों के बीच शादी करेंगे क्योंकि महाराष्ट्र में 50 से ज्यादा मेहमान की अनुमति नहीं है। आदित्य ने यह भी बताया कि वह कैसे श्वेता के साथ शादी करने वाले हैं। आदित्य ने स्पॉटबॉय को दिए इंटरव्यू में कहा, हम मंदिर में बहुत ही सिंपल तरीके शादी करेंगे। आगे सिचुएशन बेहतर होती है तो हम तब बड़ी रिस्पेशन पार्टी देंगे। वहीं एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में आदित्य ने श्वेता के साथ अपनी पहली डेट के बारे में बात की। आदित्य ने बताया कि दोनों की मुलाकात फिल्म शापित के सेट पर हुई थी। एक दिन मैंने श्वेता को बोला कि साथ में लंच करते हैं, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। फिर मेरी मां ने श्वेता को समझाया था कि हम दोनों साथ में काम कर रहे हैं तो हमें लंच पर जाना चाहिए। हम साथ में गए, लेकिन वह वहां मुंह फुलाए बैठी थी।

कंगना रनौत की बढ़ी मुसीबत

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं और उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कर्नाटक में एफआईर दर्ज होने के बाद अब मुंबई की बांद्रा कोर्ट ने अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ ट्वीट और इंटरव्यू के जरिए सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुन्ना वराली और साहिल अशरफसैयद नाम के याचिकाकर्ताओं ने अदालत में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें कंगना के ट्वीट को भड़काऊ बताते हुए उनपर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंगना अपने ट्वीट और टीवी चैनलों पर इंटरव्यू के जरिए हिन्दू और मुस्लिम कलाकारों के बीच खाई पैदा कर रही हैं। कोर्ट के इस आदेश और एफआईर दर्ज होने के बाद कंगना की मुसीबत और बढ़ सकती है। इससे पहले 13 अक्टूबर को कनार्टक पुलिस ने हाल में केंद्र सरकार की ओर से पारित कृषि कानूनों का विरोध करने वाले लोगों पर कंगना की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किया था।

गुल ने पाकिस्तान के लिए 47 टेस्ट, 130 वनडे और 60 टी-20 मैच खेले

उमर गुल ने क्रिकेट से लिया संन्यास

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उमर गुल ने क्रिकेट के सभी प्रारुप से संन्यास लेने की घोषणा की। गुल ने उनकी घरेलू टीम बलूचिस्तान के सदर्न पंजाब के खिलाफ हारकर नेशनल टी-20 कप से बाहर होने के बाद शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। 36 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पाकिस्तान के लिए 47 टेस्ट, 130 वनडे और 60 टी-20 मैच खेले हैं।



गुल ने कहा, ÷मेरे लिए पिछले दो दशकों में अपने क्लब, शहर और देश का विभिन्न स्तर पर प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। मैंने हमेशा क्रिकेट का आनंद उठाया जिसने मुझे कड़ी मेहनत, सम्मान, प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प की सीख दी। अपने करियर के दौरान मुझे कई लोगों से मिलने का मौका मिला जिन्होंने मेरी मदद की और मेरा समर्थन किया। मैं उन सभी लोगों और अपने टीम के साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देता हूं।

उन्होंने कहा, ÷मैं अपने प्रशंसकों का भी शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरे करियर में हमेशा मेरा साथ दिया। प्रशंसक मेरे प्रेरणास्त्रोत हैं, विशेषकर उन्होंने मेरा उस समय साथ दिया जब मेरे लिए राह कठिन थी। अंत में मैं अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं जो हमेशा मेरे साथ खड़े रहे और सपना पूरा करने में मेरा साथ दिया। गुल 2002 में पाकिस्तान अंडर-19 टीम के लिए खेलते थे जिसके बाद 2003 में उन्हें सीनियर टीम में शामिल किया गया। गुल ने अप्रैल 2003 में शारजाह में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया था। उन्होंने उसी साल अगस्त में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

गुल ने 47 टेस्ट मैचों में 34.06 के औसत से 163 विकेट लिए जबकि वनडे में उन्होंने 29.34 के औसत से 179 विकेट लिए। गुल ने 2007 और 2009 टी-20 विश्वकप में सराहनीय प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान 2007 में उपविजेता रहा था जबकि 2009 में टी-20 विश्वकप का विजेता बना था। गुल ने 2016 में आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था।

स्नैपडील की 'कम में दम' सेल शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। ऑनलाइन मार्केटप्लेस स्नैपडील की 'कम में दम' दीवाली सेल आज से शुरू हो गई। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि सितम्बर 2020 में उपयोगकर्ताओं के साथ किए गए सर्वेक्षण के आधार पर उनकी पसंद एवं ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए यह सेल शुरू की गई है। 92 शहरों के 1.25 लाख से अधिक स्नैपडील के उपयोगकर्ताओं ने दीवाली के लिए घरेलू उपयोग के गैजेट, किचनवेयर, गिफ्टआइटम, फैशन एवं घरेलू साज-सज्जा के सामान पर डील की इच्छा जताई थी।

उपभोक्ताओं की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए ज़्यादातर ऑफर इन्ही कैटेगरी में पेश किए गए हैं। लोकप्रिय उत्पाद जैसे साड़ी पर कम से कम 70 फीसदी छूट दी गई है। इसी तरह पुरूषों के परिधानों पर कम से कम 40 फीसदी से 70 फीसदी तक छूट दी गयी है।

मास्टरकार्ड और कैट की एक्सेस से साझेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 महामारी के खतरे के बावजूद स्थानीय मर्चेन्ट, आस-पास के किराना स्टोर और छोटे उद्यम धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं। सुरक्षा के नए नियमों के अनुरूप अपने स्टोर खोले रखने और कारोबारों का संचालन जारी रखने में उद्यमों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में उनकी सुरक्षा में सहयोग प्रदान करने के लिए मास्टरकार्ड और कैट ने स्मॉल बिज़नेस सपोर्ट कोएलिशन के लॉन्च के लिए भारतीय एनजीओ एक्सेस के साथ साझेदारी की है। यह कोएलिशन (गठबंधन) छोटे कारोबारियों और किराना स्टोर मालिकों को हाइजीन, सुरक्षा आदि के बारे में सरकार द्वारा अनुमोदित प्रोटोकॉल पर शिक्षित करेगा। उन्हें इसके लिए ज़रूरी उपकरण एवं सेवाएं उपलब्ध कराएगा। कोएलिशन दिल्ली के सबसे व्यस्त बाज़ारों जैसे सदर बाज़ार, चांदनी चौक और करोल बाग में 35,000 स्वास्थ्य सुरक्षा किट भी वितरित करेगा। मास्टरकार्ड ने आज यहां बताया कि पहली ऐसी स्वास्थ्य सुरक्षा किट केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्धन तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी को सौंपी गई है।

धातु और बैंकिंग समूहों में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर धातु, बैंकिंग और रियल्टी समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शुक्रवार को शेयर बाजार गिरावट से उबरते हुये बढ़त बनाने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 254.57 अंक बढ़कर 39982.98 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.10 अंक उठकर 11762.45 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर बना रहा जिससे मिडकैप 1.05 प्रतिशत बढ़कर14621.31 अंक पर और स्मॉलकैप 0.97 प्रतिशत चढ़कर 14786.56 अंक पर रहा। शेयर बाजार में और अधिक की बढ़त दर्ज की जाती लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 फीसदी की गिरावट ने तेजी को थामने का काम किया। बीएसई में शामिल एनर्जी समूह में 0.82 फीसदी की गिरावट का छोड़कर सभी समूहों में तेजी रही। इसमें धातु में 3.70 प्रतिशत, रियलटी 2.60 प्रतिशत, बैंकिंग 1.95 प्रतिशत, वित्त 1.41 प्रतिशत और बेसिक मटेरियल्स 1.80 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 2811 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1470बढ़त में और 1157 गिरावट में रहे जबकि 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जापान के निक्केई में 0.41 प्रतिशत की गिरावट का छोड़कर शेष सभी प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

मी इंडिया ने लॉन्च किया त्रिनयन

नई दिल्ली। नंबर 1 स्मार्टफोन एवं स्मार्ट टीवी ब्रांड, मी इंडिया ने आज एक अद्वितीय अभियान लॉन्च किया, जिसके तहत दुर्गा पूजा का त्योहार लाईव देखा जा सकेगा। मी इंडिया इस त्योहार पर त्रिनयन का आयोजन कर रहा है। यह अपनी तरह का एकमात्र ऑनलाईन पोर्टल है, जहां प्रौद्योगिकी की मदद से यह ब्रांड उपभोक्ताओं को उनके घर बैठे इस जश्न को लाईव देखने का अवसर देगा। त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए मी इंडिया ने कोलकाता में गायक रूपम इस्लाम के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत दूरियों के बावजूद त्योहारों की खुशी मनाने के लिए उनका म्यूज़िक वीडियो लॉन्च किया जाएगा। इस घोषणा के बारे में सुनील बेबी, डायरेक्टर-ऑफलाईन सेल्स ऑपरेशंस, मी इंडिया ने कहा, ''मी इंडिया पर हम सदैव अपने फैंस के लिए नए व प्रगतिशील अनुभव प्रस्तुत करते हैं।

जेपीएल अकादमी की जीत में चमके अमन और लोकेश

नई दिल्ली (वार्ता)। अमन खत्री (36 और 1/19) और लोकेश शर्मा (59) के शानदार खेल की बदौलत जेपीएल अकादमी (138/8) ने रण स्टार क्लब (130/10) को रोमांचक मैच में आठ रनों से वाई यस स्पोर्ट्स वार टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में हराया। पहले खेलते हुए जेपीएल की टीम ने लोकेश (59) और अमन खत्री (36) की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन बनाए। रण स्टार की तरफ से कार्तिक, तेजस और रेवानत ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में रण स्टार की टीम 130 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें अभिषेक गोस्वामी ने 30 और पुनीत बिष्ट ने 25 रन बनाए। जेपीएल के लिए राहुल ने दो और अमन खत्री ने एक विकेट लिया।

शक्ति पम्प्स के घरेलू व्यापार में 178% वृद्धि

मुम्बई/ पीथमपुर। भारत की ऊर्जा कुशल (एनर्जी एफिशिएंट) पम्प्स तथा सौर ऊर्जा समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी, शक्ति पम्प्स इंडिया लिमिटेड, ने 30 सितम्बर 2020 को समाप्त दूसरी तिमाही के अंत तक शानदार वित्तीय प्रदर्शन की उद्घोषणा की। प्रथम तिमाही की तुलना में कम्पनी ने घरेलू व्यापार में 178 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही के अंत तक 153 करोड़ रुपये का घरेलू व्यापार किया। यह आंकड़ा इस वर्ष की प्रथम तिमाही की तुलना में 98 करोड़ रुपये अधिक रहा। कंपनी ने इस वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत तक 48 करोड़ रुपये का निर्यात किया, जबकि पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 36 करोड़ रुपये था। ग्रामीण, कृषि तथा निर्यात में एनर्जी एफिशिएंट पम्प्स तथा सौर ऊर्जा समाधानों की मांग बढ़ने के कारण कंपनी की निरन्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन देने में सफल रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 की प्रथम तिमाही में कंपनी ने 55 करोड़ का घरेलू व्यापार किया था। इस वर्ष की दूसरी तिमाही में निर्यात में 12 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गयी।

आईपीएल/2020 : अंक तालिका में मुंबई शीर्ष स्थान पर और पंजाब आठवें स्थान पर

मुंबई प्लेऑफ के लिए और पंजाब उम्मीदों के लिए उतरेगा

लगातार पांच जीत हासिल कर चुकी गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ होने वाले मुकाबले में आईपीएल प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी पुख्ता करने उतरेगी जबकि पंजाब का लक्ष्य अपनी उम्मीदों को बनाए रखना होगा।

मुंबई को विस्फोटक क्रिस गेल को रोकना होगा जिन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ इस सत्र के पहले ही मुकाबले में 53 रन की पारी खेली थी। पंजाब को हालांकि गेंदबाजी में थोड़े सुधार की जरुरत है। मुंबई के बल्लेबाजी आक्रमण को देखते हुए पंजाब के गेंदबाजों को सधी हुई गेंदबाजी करनी होगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच इस सत्र में एक मुकाबला खेला गया था जहां मुंबई ने पंजाब को 48 रन से रौंदा था। पंजाब के पास इस मुकाबले में जीत हासिल कर पिछली हार का बदला चुकता करने का मौका रहेगा।

दुबई (वार्ता)। मुंबई ने पिछले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत हासिल की थी जबकि पंजाब को करो या मरो के मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों आठ विकेट से जीत मिली थी।

मुंबई आठ मैचों में छह जीत, दो हार के साथ 12 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि पंजाब की टीम के आठ मैचों में दो जीत, छह हार के साथ चार है और वह अंक तालिका में सबसे नीचे आठवें स्थान पर मौजूद है।

मुंबई अगर पंजाब के खिलाफ जीत हासिल कर लेता है तो उसका अंतिम चार में पहुंचना लगभग पक्का हो जाएगा जबकि पंजाब के लिए अब एक भी हार उसका प्लेऑफ में पहुंचने का सपना तोड़ सकती है। पंजाब के छह मैच शेष हैं और उसे अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए सभी मैच जीतने होंगे। मुंबई ने कोलकाता के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और बल्ले तथा गेंद दोनों ही विभाग में कोलकाता को परास्त किया था। मुंबई को पंजाब के खिलाफ अपनी यह लय बरकरार रखनी होगी क्योंकि पंजाब के बल्लेबाजी क्रम ने पिछले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन किया था। पंजाब के लिए क्विंटन डी कॉक, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या को रोकना कड़ी चुनौती होगी जो अपने फॉर्म में हैं और लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब के गेंदबाजों को मुंबई को सस्ते में रोकना होगा जिससे उसके बल्लेबाजों पर ज्यादा दबाव नहीं बने। मुंबई के गेंदबाजों को भी पंजाब के बल्लेबाजों को बड़ी साझेदारी करने से रोकना होगा। पंजाब की ओर से कप्तान लोकेश राहुल और मयंक अग्रवाल पर टीम को एक बार फिर मजबूत शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

जीत की राह पर वापसी के लिए उतरेंगे हैदराबाद और कोलकाता

अबु धाबी (वार्ता)। जीत की राह से भटकी डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद और इयोन मोर्गन के नेतृत्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स पिछली हार को भुलाकर रविवार को वापसी करने के इरादे से उतरेंगे।

हैदराबाद को पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि कोलकाता को मुंबई ने आठ विकेट से धोया था। हैदराबाद की टीम आठ मुकाबलों में तीन जीत, पांच हार के साथ छह अंक लेकर पांचवें और कोलकाता आठ मैचों में चार जीत, चार हार के साथ आठ अंक पाकर चौथे नंबर पर है।

पिछले मुकाबले में चेन्नई ने हैदराबाद को पराजित किया था। उस मुकाबले में हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह विफल रही थी। वार्नर को अपने बल्लेबाजी क्रम में सुधार करने की आवश्यकता है। चेन्नई ने हैदराबाद को 168 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में हैदराबाद की टीम 147 रन ही बना सकी थी। हैदराबाद की ओर से जॉनी बेयरस्टो (23) और केन विलियम्सन (57) ही रन बना सके थे तथा अन्य बल्लेबाजों ने खासा निराश किया था। हैदराबाद को कोलकाता के खिलाफ मजबूत शुरुआत करनी होगी और वार्नर को भी अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूती देने की जरुरत है। मध्यक्रम के बल्लेबाजों प्रियम गर्ग, मनीष पांडे और विजय शंकर को भी अपनी फॉर्म हासिल करनी होगी। हैदराबाद की गेंदबाजी चेन्नई के खिलाफ सधी हुई रही थी और उसके गेंदबाजों ने चेन्नई को चुनौतीपूर्ण स्कोर पर रोक दिया था। कोलकाता के बल्लेबाजों को राशिद खान, खलील अहमद और संदीप शर्मा की चुनौती से पार पाना होगा। राशिद के ऊपर हैदराबाद की गेंदबाजी का दारोमदार रहेगा।

'छू-लो-आसमान' के 17 बच्चों से मुख्यमंत्री हुए रूबरू

दंतेवाड़ा (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा में 'छू-लो-आसमान' के 17 छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की, जिन्होंने जेईई मेन्स में इस वर्ष क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री और विद्यार्थियों के बीच मंगलवार को हुई आधे घंटे की इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले छात्रों, शिक्षकों, जिला प्रशासन एवं एनएमडीसी की सराहना की तथा छात्रों से अनेक प्रश्न भी पूछे जैसे - आप किस कॉलेज में एडमिशन लेना चाहते हैं, आप क्या बनना चाहते हैं, आपके माता-पिता के सपने क्या हैं, आपने इस लॉक डाउन पीरियड के दौरान पढ़ाई कैसे की, आदि। छात्रों ने भी जोश के साथ मुख्यमंत्री के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए एवं उनसे चर्चा की। चयनित छात्रों- संतराम और उपासना जैसे कुछ छात्रों ने भविष्य में आई.ए.एस अधिकारी बनने की बात कही। कु. कल्याणी कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में रुचि रखती हैं ताकि उन्हें गूगल और माइक्रोसॉफ्ट में नौकरी मिल सके। मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। छात्रों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कलेक्टर से लेकर एनएमडीसी के अधिकारियों तक सभी ने बेहतर परिणाम लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया था।

एसटी/एससी और ओबीसी पोस्ट मैट्रीक छात्रवृत्ति के लिए 30 तक ऑनलाईन आवेदन

बीजापुर (नवप्रदेश)। आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, पॉलीटेक्नीक तथा आईटीआई में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं से पोस्ट मैट्रीक छात्रवृत्ति हेतु 30 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2020-21 के तहत् उक्त पोस्ट मैट्रीक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एमपीएससी डॉट एमपी डॉट एनआईसी डॉट इन पर लॉगिन कर पूरी की जा सकती है। जिसके तहत् छात्र-छात्राओं द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण सम्बन्धी ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर तक किया जाना अनिवार्य है। वहीं संस्थाओं द्वारा 10 दिसम्बर 2020 तक ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने सहित 20 दिसम्बर 2020 तक स्वीकृति आदेश लॉक करने सम्बन्धी प्रक्रिया पूरी की जावेगी। इसके पश्चात संस्थाओं द्वारा 10 जनवरी 2020 तक केवायसी जमा की जावेगी।

कांग्रेस भवन के सामने की नालियां बजबजाई, गंदगी से दुर्गंध

जगदलपुर (नव प्रदेश)। शहर में कोविड -19 के चलते बस्तर के सबसे बड़े बाजार संजय बाजार को बंद कर दिया गया है जिसके फलस्वरूप विक्रेताओं ने अपना पसरा सड़क पर पसार दिया है। इसके कारण कांग्रेस भवन के पास से लोगों का चलना फिरना दुर्भर हो गया है। शहर में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम की है और महापौर सहित इसके जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े -बड़े दावा भी किया जाता है।किन्तु इसके विपरित कांग्रेस भवन के सामने सब्जि विक्रेताओं द्वारा सब्जियों को नाली में फेंकने के कारण सड़ांध उठ रहा है जिसके कारण निगम के दावों की पोल खुल गई है। शहर के सबसे बड़े व्यवस्तम मार्ग अग्रेसन चौक ,कांग्रेस भवन के सामने संजय बाजार को बंद करने के कारण सब्जी बाजार सजाया गया है।वही विक्रेताओं द्वारा सब्जियों को इधर-उधर फैंकने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध उठ रहा है खासकर कांग्रेस भवन के सामने नालियों में सब्जियों को फैंकने से जो दुर्गंध उठ रहा है इसके कारण व्यापारियों व राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया हैं। जिला प्रशासन द्वारा सब्जियों की बिक्री करने के बाद व्यवसायियों से स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह सामग्रियों को समेटे, किंतु उसके बावजूद सब्जी नालियों में डाला जा रहा है और नगरीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा साफसफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिसके कारण सड़ांध उठ रही है और दीगर व्यवसासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

विकास विरोधी नक्सलवाद के खिलाफ युवाओं ने बुलंद की आवाज

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा पहुंचे मुख्यालय

नवप्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर में नक्सलवाद को खत्म करने अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओ ने मन बना लिया है.नक्सलियों के इशारे पर दक्षिण बस्तर इलाके में निर्दोष ग्रामीणों की हत्या करने व विकास कार्यों का विरोध करते सड़क , पुल - पुलियों को क्षति पहुंचाने के विरोध में अब खुलकर नक्सल प्रभावित इलाकों के युवा आगे आने लगे है।शुक्रवार को बड़ी सख्यां में जगदलपुर पहुंचे युवाओं ने बस्तर आईजी व एसपी से मिलकर अपने विचार रखे। ऐसा पहली बार हुआ है जब बाहरी माओवादियों के ईशारे पर बस्तर में किए जा रहे विकास विरोधी तत्वों की खिलाफत करने युवा खुलकर

सामने आकर नक्सलियों की कायराना हरकतों की निंदा की है। बस्तर पुलिस द्वारा चलाई जा रही बस्तर त माटा अभियान से प्रभावित होकर नक्सल प्रभावित इलाकों के इन युवाओं ने आदिवासी विरोधी व विकास विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते हुए संभागीय मुख्यालय पहुंचे। बस्तर आईजी सुंदरराज पी व एसपी दीपक झा से मिलकर युवाओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बाहरी माओवादी नेता के इशारे पर दक्षिण बस्तर के कई इलाकों में निर्दोष आदिवासियों को नक्सलियों द्वारा प्रताड़ित करना , जनसुविधा के लिए बनाए गए सड़क , पुल - पुलियों को क्षतिग्रस्त करने व विकास व जनविरोधी हरकते कर रहे हैं जो निदनीय है। अंचल के युवाओं से रूबरू होते हुए आईजी व एसपी ने युवाओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके इलाकों से माओवादियों को खदेड़ा जाएगा और बस्तर पुलिस की त्रिवेणी कार्य योजना के तहत कार्य करते हुए शातिं स्थापित की जाएगी।

> संवेदनशील क्षेत्रों के युवा आ रहे सामने नक्सलियों की कायरना हरकत व निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में अब सवेंदनशील क्षेत्रों के युवा सामने आने लगे है। जल्द ही पूरे बस्तर में त्रिवेणी कार्य योजना विश्वास , विकास व सुरक्षा के तहत बस्तर में शांति स्थापित करेगें।
>
> **सुंदरराज पी , आईजी बस्तर**

सभी वार्डों में वितरित की जाएगी प्रोफालिक्सिस मेडिसिन किट

बचेली। कोरोना संक्रमण को कम करने हेतु बीते दिनों जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला चिकित्सा अधिकारी ने प्रोफलिक्सिस किट (रोग निरोधक दवाइयां) का वितरण करने हेतु आदेश जारी किया था जिसके बाद अब पालिका प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं पालिका अध्यक्ष पूजा साव,उपाध्यक्ष उस्मान खान के अथक सहयोग से एनएमडीसी अपोलों अस्पताल के डाक्टरो,स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रत्येक वार्ड में इस मेडिसिन किट का वितरण किया जाएगा। आपको बता दे की किट वितरण की शुरुआत वार्ड क्रमांक 10 से की जाएगी जिसमें शिविर लगाकर वार्ड के लोगो को सुबह दस से साढ़े बारह बजे एवं शाम 4 से 6 बजे तक वितरित की जाएगी। आपको बता दे कि इस रोग निरोधक दवाइयों के सेवन से कोरोना संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी एवं कोरोना वाइरस के दुष्प्रभाव से बचा भी जा सकेगा। अपोलों अस्पताल के सीएमए डाक्टर हक के मुताबिक बिना मेडिकल टीम के निर्देशों के दवाइयों का सेवन करना उचित नही है क्योंकि सभी व्यक्तियों की स्वास्थ्य स्थिति अलग अलग होती है। इसलिए बेहतर परिणाम हेतु जरूरी है कि इन दवाओं का सेवन मेडिकल टीम के दिशा निर्देश में किया जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष पूजा साव,उपाध्यक्ष उस्मान खान,एनएमडीसी अपोलों अस्पताल प्रबंधक डॉ एस.एम हक पार्षद अप्पू कुंजाम,विष्णु मंडावी,केके चन्द्रवंशी की मौजूदगी रही।

बेरोजगार युवकों को गुजरात में कार्य करने का सुनहरा अवसर

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा मिली जानकारी अनुसार जिले के बेरोजगार विशेष रूप से ग्रामीण युवा बेरोजगार जिनकी उम्र 18 से 20 वर्ष है, उन्हे मारूति सुजुकी मोटर गुजरात में काम करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवकों को दो वर्ष के लिए 10 हजार 6 सौ रूपए की छात्रवृत्ति के साथ एनसीवीटी (आईटीआई) ऑटोमोटिव मैन्यूफेक्चरिंग के समकक्ष में प्रमाणन के साथ कौशल प्राप्त कर सकते हैं। यह अवसर केवल पुरूष उम्मीदवार के लिए है। जिनकी शैक्षणिक योग्यता कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की हो। जिनका जन्म 1 नवम्बर 2000 से 30 नवम्बर 2002 के बीच हुआ हो वे ही अभ्यर्थी पात्र माने जायेंगे। कोर्स की अवधि 2 वर्ष की होगी, जिसमें 2 माह क्लास रूम ट्रेनिंग एवं 22 माह नौकरी पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही खाने एवं रहने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी एवं प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 10 हजार 6 सौ रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं एवं अन्य जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9407641115, 7587472823 पर 30 नवम्बर 2020 तक संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

बचेली लौहनगरी में इस बार नहीं होगा रावण दहन

बचेली (नव प्रदेश)। लौह नगरी बचेली में ये पहला मौका रहेगा जब इस दशहरे में रावण दहन कार्यक्रम नही किया जाएगा। आपको बता दें कि पहले ही नवरात्रि में दुर्गा पूजा भी कोरोना संक्रमण के चलते कई स्थानों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित नही की जा रही है। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति के द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव एवं रावण दहन नही किया जा रहा है। गौरबतल है कि नगर में इस उत्सव को लेकर अच्छा खासा माहौल देखने को मिलता था जगदलपुर के बाद बचेली नगर में रावण दहन एवं मेले का आनंद लेने अन्य जिलों से भी लोग शिरकत करने आते थे। आकर्षक दुकाने एवं खाने पीने की विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए जाते थे।

श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

पत्रकार सुरक्षा कानून एवं पत्रकार अधिमान्यता पर हुई गहन चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा / किरंदुल। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी संभागीय अध्यक्ष सुधीर जैन सचिव राजेश पांडे के निर्देश अनुसार शुक्रवार दंतेवाड़ा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन लौहनगरी किरंदुल में किया गया। आपको बता दे कि यूपी बिहार सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी हिस्सों से पत्रकार बंधुओ की मौजूदगी रही। विशेषतः पत्रकार सुरक्षा कानून एवं पत्रकार अधिमान्यता पर गहन चर्चा की गई साथ ही कार्यक्रम में संगठन को मजबूती प्रदान करने जिला अध्यक्ष

आजाद सक्सेना जिला महासचिव जितेंद्र चौधरी ने सर्व सम्मति से जिले की नई कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे जिला कार्यकारी अध्यक्ष :- राजेन्द्र सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष :- रामकृष्णा बैरागी, अनिल सिंह भदौरिया, नफीस कुरैशी, अमलेन्दु चक्रबर्ती,रौनक शिवहरे अनीश सिंह भदौरिया, जिला सह सचिव :- संदीप दीक्षित, डी.एम सोनी,शुभम निर्मलकर,के.रवि कुमार,निशू त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष :- रविंद्र सोनी,सह कोषाध्यक्ष एस.एच अजहर, ऑफिस सेक्रेटरी :- शेखर दत्ता वाइस सेक्रेटरी के रघुराव, संरक्षक :- अभिषेक भदौरिया,वेद प्रकाश संगम को बनाया गया। बैठक के दौरान दो ब्लॉक अध्यक्ष की भी घोषणा की गई जिसमें की जिम्मेदारी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में संजीव दास को दी गई।

मुख्य सचिव ने ली कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों की बैठक

त्यौहारों के मद्देनजर कोविड-19 के रोकथाम हेतु प्रभावी पहल करने दिये निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। मुख्य सचिव आर.पी. मंडल ने विडियो कांफ्रेंस के जरिए सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक और वनमण्डलाधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य सचिव मंडल द्वारा मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप राजनैतिक प्रकरणों की वापसी, नक्सल प्रकरणों में अकारण निरूद्ध आदिवासियों के प्रकरणों का

परीक्षण कर निराकरण करने, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, खरीफ वर्ष 2020-21 में धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण, गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट बनाए जाने हेतु टंकी, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थिति, शिक्षकों की भर्ती सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर, एस.पी., वन मण्डलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

मुख्य सचिव मण्डल ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु प्रभावी पहल किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले दिनों में त्यौहार एवं पर्वो का आयोजन होना है।

कोरोना ने मां दुर्गा से किया भक्तों को दूर

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गे की पूजा अर्चना घर-घर में प्रारंभ हो गया है और बस्तर की आराध्य देवी शक्तिस्वरुपा मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ी हैं किंतु कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार कारण जगत माता का दूर से ही दर्शन की अनुमति है और पूजन सामग्री भी चौखट पर चढ़ा कर श्रध्दालुजन बैरंग लौट रहें हैं। दूसरी तरफनगर की थर्ड जेंडर भी माता को चुनरी नहीं चढ़ा पाये। आज शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस मां दंतेश्वरी देवी मंदिर में पूजा -अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे और उन्होंने माता को अर्पित कर करने पूजन सामग्री भी खरीदा किंतु मंदिर के गेट के बाहर से ही दंतेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की अनुमति होने से भक्तों को ढ़योढ़ी पर ही पूजन सामग्री अर्पित करनी पड़ी। वहीं देर शाम आधा दर्जन से अधिक किन्नर सज-धज कर गाजे- बाजे के साथ मां दंतेश्वरी को प्रतिवर्ष की भांति चुनरी चढ़ाने पहुंचे थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

देश के टॉप ५०...

किया गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी बहुत गौरव की बात है कि यहां के कैडर के एकमात्र अफसर में उनके काम को सराहा गया है। वैसे सूबे में काबिल अफसरों की कोई कमी नहीं है लेकिन, देश के टॉप के आईएएस अफसरों की ग्रेडिंग में उनका आना उनकी काबलियत को ही दर्शाता है। बता दें कि सुब्रत साहू की इसी कार्यशैली की वजह से उन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एसीएस भी नियुक्त किया गया है।

दावा, आपत्ति, फैसला...

जोगी द्वारा भरे गए नामांकन भी रद्द होगा। जाति प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद अब देखना होगा कि अमित जोगी मरवाही उपचुनाव लड़ पाएंगे या नहीं। इसी के साथ उनकी पत्नी ऋचा रुपाली साधू (जोगी) का भी नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त करने का ऐलान कर दिया। बता दें कि सबसे लंबी बहस दावा आपत्ति के दौरान अमित जोगी के लिए ही हुई। करीब 1 घंटा से ज्यादा चली बहस में सबसे ज्यादा नियमों का हवाला देकर अमित ने ही बहस भी किया। लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा जो कहना है अभी कहें बाद में समय नहीं दुंगा। फिर अमित के चुप होते ही निर्वाचन अधिकारी डोमान सिंह ने ऐलान किया कि प्रत्याशी अमित जोगी नामांकन क्रमांक 9 का नामांकन निरस्त करता हूं। बता दें कि जाति विवाद के बाद अमित के साथ ही स्वतः ही उनकी पत्नी ऋचा जोगी का नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है। पूरी प्रक्रिया से खफा अमित जोगी ने यह भी दावा किया कि नामांकन यूं रद्द करना सरासर गलत है। उन्हों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा वे पूरे चुनाव को ही रद्द करा सकते हैं।

सीएम भूपेश, सुरजेवाला सहित...

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद ज्योत्सना महंत, सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष करूणा शुक्ला, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक बृहस्पति सिंह, विधायक मोहित केरकेट्टा, विधायक शैलेश पांडे, विधायक विनय जयसवाल, विधायक गुलाब सिंह कमरों, विधायक पुरूषोत्तम कंवर, रामकुमार यादव, विधायक उत्तरी जांगड़े के नाम शामिल है।

तालाब के दलदल में...

पर तत्काल उनके द्वारा वन मंडल के उच्च अधिकारी डीएफओ समा फारुकी, एवं एसडीओ एके तिवारी को घटने के बारे में अवगत कराया गया, और डीएफओ फारूकी , अपने दल बल के साथ वन्य प्राणी पशु चिकित्सक के साथ रवाना होकर घटनास्थल पर पहुंचकर नन्हा नर हाथी का पंचनामा करवाया एवं उसके अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए पोस्टमार्टम के पश्चात नमक, एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कर उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में मौके पर ही अंतिम संस्कार विधि विधान से कराया गया। इस मौके पर केंदई रेंज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

वैश्विक भूख सूचकांक में...

निगरानी की कमी और कुपोषण से निपटने के लिए दृष्टिकोण में समन्वय का अभाव अक्सर खराब पोषण सूचकांकों का कारण होते हैं। न्यूट्रीशन रिसर्च की प्रमुख श्वेता खंडेलवाल ने कहा कि देश में पोषण के लिए कई कार्यक्रम और नीतियां हैं लेकिन जमीनी हकीकत काफी निराशाजनक है। उन्होंने महामारी के कारण अभाव की समस्या को कम करने के लिए कई उपाय सुझाए। उन्होंने कहा कि पौष्टिक, सुरक्षित और सस्ता आहार तक पहुंच को बढ़ावा देना, मातृ और बाल पोषण में सुधार लाने के लिए निवेश करना, बच्चे का वजन कम होने पर शुरुआती समय में पता लगाने और उपचार के साथ ही कमजोर बच्चों के लिए पौष्टिक और सुरक्षित भोजन महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)
(झूलेलाल धर्मशाला के बगल में, चकरभाठा केम्प जिला- बिलासपुर)
E-mail ID-ee.2bsp@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3084/NIT-14/2020-2021/SAC दिनांक 15.10.2020
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.10.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29.10.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 31.10.2020 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि एवं बैंक साल्वेंसी (रु.में)
14 T0055	वर्ष 2020-21 में खनिज न्यास के अंतर्गत शासकीय उच्चतर मा.वि. उस्लापुर जिला बिलासपुर में कोटा स्टोन लगाने हेतु कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
14 T0056	वर्ष 2020-21 में खनिज न्यास के अंतर्गत शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन तखतपुर में कोटा स्टोन लगाने हेतु कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
14 T0057	वर्ष 2020-21 में खनिज न्यास के अंतर्गत शासकीय उच्चतर मा.वि. धौराभाठा वि.खं. बिल्हा जिला बिलासपुर में उन्नयन एवं मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईड www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-2
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
जी-84345/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)
(झूलेलाल धर्मशाला के बगल में, चकरभाठा केम्प जिला- बिलासपुर)
E-mail ID - ee.2bsp@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3104/NIT-15/2020-2021/SAC दिनांक 16.10.2020
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.10.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02.11.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 03.11.2020 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि एवं बैंक साल्वेंसी (रु.में)
15 T0058	माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी बिलासपुर में स्थित जी-टाईप (जी+2 ब्लाक-120 नग) में रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.68 14760.00 295200.00
14 T0059	माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी बिलासपुर में बी-टाईप (नग), डी-टाईप (जी-1 ब्लाक 8 नग), आई- टाईप (2 जी-1 ब्लाक 8 नग) में रंगाई पोताई का कार्य (प्रथम आमंत्रण)	16.87 12653.00 253050.00
14 T0060	माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी बिलासपुर में स्थित एच-टाईप (10 जी+2 ब्लाक 60 नग), आई-टाईप (3 जी-2 ब्लाक 32 नग) एवं एच-टाईप (4 जी-2 ब्लाक 32 नग) में रंगाई पोताई का कार्य (प्रथम आमंत्रण)	19.85 14888.00 297750.00
15 T0061	वर्ष 2020-21 में आकस्मिकता निधि के अंतर्गत विश्राम गृह कोटा जिला बिलासपुर में रेनोवेशन कार्य (प्रथम आमंत्रण)	12.11 9083.00 181650.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईड www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-2
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
जी-84364/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

खदान के आऊटसोर्सिंग मजदूरों को 8.33 फीसदी बोनस

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोयला खदान में आऊटसोर्सिंग से कार्यरत मजदूरों को भी 8.33 फीसदी बोनस देने पर स्टैंडराईजेशन कमेटी की बैठक में सहमति बनी है। यहां बताना होगा कि बीते वर्ष की बोनस राशि ठेका कंपनियों ने सभी मजदूरों को प्रदान नहीं किया। इस बार भी इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। इधर कोल कर्मियों को पूरी बोनस राशि 68 हजार 50कोयला खदान में आऊटसोर्सिंग से कार्यरत मजदूरों को भी 8.33 फीसदी बोनस देने पर स्टैंडराईजेशन कमेटी की बैठक में सहमति बनी है। यहां बताना होगा कि बीते वर्ष की बोनस राशि ठेका कंपनियों ने सभी मजदूरों को प्रदान नहीं किया। इस बार भी इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। इधर कोल कर्मियों को पूरी बोनस राशि 68 हजार 500 रुपए लेने के लिए 312 दिन हाजिरी होने की अनिवार्यता रहेगी। इससे हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मियों के बोनस में कटौती की जाएगी। नौ घंटे की लंबी जद्दोजहद के बाद कोल प्रबंधन एवं श्रमिक संघ प्रतिनिधियों के मध्य आखिरकार 68 हजार 700 रुपए बोनस पर सहमति बन गई है। इसके साथ ही आऊटसोर्सिंग माध्यम से खदान में लगे मजदूरों का भी बोनस तय किया गया, पर ठेका अन्य मजदूरों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। दरअसल खदान में उत्पादन कार्य में जुटे कर्मियों को ही बोनस

की श्रेणी में रखा गया है अथवा सिविल, इलेक्ट्रिकल व अन्य कार्यों में जुटे मजदूरों को भी यह राशि मिलनी चाहिए। नियमतः सभी ठेका कर्मियों को बोनस दिया जाता है, पर अन्य कार्यों में जुटे कर्मियों को मामूली राशि दी जाती है। इधर नियमित कर्मियों को 21 अक्टूबर तक राशि करना है। एक सप्ताह से भी कम समय कम होने की वजह से प्रबंधन बोनस निर्धारण करने जुट गया है। इसकी मुख्य वजह यह है कि बोनस की संपूर्ण राशि का हकदार सभी कोयला कामगार नहीं होंगे। बल्कि हाजरी के आधार पर गुणात्मक रूप से राशि निर्धारित होगी। सीआईएल प्रबंधन ने जो नियम निर्धारित किया है, उसके मुताबिक कर्मचारियों की हाजिरी 312 दिन होना चाहिए। यानी साल के 365 में 52 दिन रविवार के अनुसार साप्ताहिक अवकाश छोड़ दिया जाए तो शेष 312 दिन बचते हैं। साल भर में कर्मचारियों को विभिन्ना प्रकार के अवकाश स्वीकृत हैं, पर उक्त अवकाश प्रबंधन की स्वीकृति से होना चाहिए। प्रबंधन से स्वीकृति लिए बगैर कार्य से कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं, तो उपस्थिति की गिनती कम मानी जाएगी। जानकारों का कहना है कि शत प्रतिशत ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की संख्या काफी कम है। कई कर्मचारी किसी न किसी वजह से अनुपस्थित रहे हैं, ऐसी स्थिति में उन कर्मचारियों का बोनस कटना तय माना जा रहा है।

न्यूज गैलरी

युवोदय वॉलंटियर्स को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर ने किया वॉल पेंटिंग

जगदलपुर (नव प्रदेश)। कोरोना से बचाव और बस्तर नोनी हेल्पलाइन नम्बर के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री रजत बंसल और अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने सर्किट हाउस रोड में दिवाल पेंटिंग किए।यूवोदय के वलिटियर्स को दोनों अधिकारियों ने जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित हो कर प्रोत्साहित किए।कोविड-19 से बचाव और नियंत्रण के लिए लोगों में जागरूकता हेतु युवोदय के वॉलंटियर्स जगदलपुर शहर में लगातार दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, चौक चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है।

संसदीय सचिव ने ली समीक्षा बैठक

शासन की प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं पर हुई चर्चा

बलरामपुर (नव प्रदेश)। संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक श्री चिंतामणि महाराज और छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग तथा वन श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन की प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, गोधन न्याय योजना, वन अधिकार, वन संसाधन तथा उद्योग एवं उद्यमिता विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने प्रमुख योजनाओं के संचालन तथा प्रगति की संक्षिप्त जानकारी दी। संसदीय सचिव तथा सामरी विधायक श्री चिंतामणि महाराज ने बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं से प्रभारी सचिव को अवगत कराते हुए यथासंभव शीघ्र निराकरण करने की बात कही।

जनपद पंचायत कुसमी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संसदीय सचिव श्री चिंतामणि महाराज ने पंजाब नेशनल बैंक के खाताधारकों को बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से न मिलने की बात को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि सामरी क्षेत्र में पीएनबी की नई शाखाएं खोली जाएं अथवा खातों को अन्य बैंकों में स्थान्तरित कर दिया जाए। चाय बागान, उतेरा पद्वति से खेती तथा पाट क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाने तथा उद्यानिकी के क्षेत्र में संभावनाओं पर चर्चा करते हुए इस दिशा और अधिक प्रयास करने की बात कही।

प्रभारी सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने गिरदावरी सत्यापन तथा चबूतरा निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इससे धान खरीदी का कार्य सही से होगा साथ ही शासन के पैसों की बचत भी होगी। उन्होंने व्यक्तिगत वनाधिकार, सामुदायिक वनाधिकार तथा वन संसाधन की जानकारी देते हुए वन प्रबंधन के नई रूपरेखा की जानकारी दी। वन अधिकार पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने वन संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा वनों के प्रबंधन के लिए नए मास्टरप्लान के तैयार होने की जानकारी दी। प्रभारी सचिव ने धान से इतर उद्यानिकी फसलों तिखुर, हल्दी, जिमीकंद, अदरक की खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रयास करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जलवायु के अनुकूल उद्यानिकी फसलों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों की आय बढ़े तथा जीवन स्तर में सुधार आये। उन्होंने उद्योग विभाग की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए सूक्ष्म और मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही। समग्र दृष्टिकोण रखते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करते हुए उद्यमिता विकास के लिए प्रयास करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत पूरक पोषण आहार के वितरण की जानकारी ली तथा इसके प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक के अंत में सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत्त श्री ए.बी.मिंज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरीश एस0 सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

डॉ. अब्दुल कलाम के प्रेरणास्पद प्रसंग पर ऑनलाईन परिचर्चा आयोजित

कांकेर (नव प्रदेश)। गत दिवस डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर ऑनलाईन परिचर्चा का आयोजन श्रीमती प्रमिला साव (व्याख्याता-रसायन) शा.उ.मा.वि. पटौद जिला कांकेर के संयोजकत्व में किया गया । इस परिचर्चा में अतिथि के रूप में पटौद विद्यालय के प्राचार्य- श्रीमती उर्मिला गायकवाड़ एवं ''पढ़ई तुंहर दुआर'' के जिला एडमिन श्री संजीत श्रीवास्तव ऑनलाईन उपस्थित थे । उक्त परिचर्चा का विषय था- ''अब्दुल कलाम के प्रेरणास्पद प्रसंग'' । इस विषय पर विद्यार्थियों ने कलाम जी के जीवन प्रेरक प्रसंग और उनसे मिली प्रेरणा के बारे में चर्चा कर अपनी सहभागिता दी । इस परिचर्चा में कांकेर के अलावा अन्य जिलों - धमतरी, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, रायगढ़ के बच्चें भी ऑनलाईन उपस्थित रहे । इनमें से सुष्मिता साहू (लखनपुरी), रीना सिन्हा (हल्बा), चेतना देवांगन (बालोद), दिव्या भारती नेताम (पटौद), भावेश (राजनांदगांव), चितेश्वरी (धनेलीकन्हार) एवं दीपक पटेल (रायगढ़) ने बहुत बेहतरीन तरीके से कलाम जी के विचारों, आदर्शों, सपनों, वैज्ञानिक और राजनीतिक कार्यों, देश सेवा और उनके जन्मदिवस को 'विश्व छात्र दिवस' के रूप में मनाए जाने के संबंध में विचार व्यक्त किये । इस परिचर्चा में पटौद की प्राचार्य श्रीमती उर्मिला गायकवाड़ ने सभी विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के आदर्शों पर अमल करने को प्रेरित किया । जिला एडमिन श्री संजीत श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड-19 के कठिन दौर में ऑनलाईन पढ़ाई के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिये इस तरह की सृजनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिये लाभप्रद है ।

गोधन न्याय योजना से पशुपालकों की सुधरी आर्थिक स्थिति : महापौर

पशुपालकों को हितग्राही पासबुक प्रदान किए

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजना गोधन न्याय योजना किसानों व पशुपालकों के लिए वरदान बनी हुई है,, इससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार आया है तथा वे गोबर का विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन, गोठानों के निर्माण आदि के लिए विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों-पशुपालकों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

उक्त बातें महापौर प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र.

15 अंतर्गत नवनिर्मित गोठान के निर्माण एवं वहां पर गोधन न्याय योजना के शुभारंभ अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पन्द्रह ब्लाक में सर्वसुविधायुक्त गोठान का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया, इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, श्रीमती सपना चैहान, पार्षद रवि चंदेल, पार्षद धनसाय साहू एवं एल्डरमेन एस.मूर्ति, की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की गोधन न्याय योजना पूरे देश में अपनी तरह की पहली योजना है, सम्पूर्ण देश में इस योजना की प्रशंसा की जा रही है, गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों से 02 रूपये प्रति किलो की दर से सरकार गोबर खरीद रही है, इससे पशुपालकों को खेती, किसानी से प्राप्त आय के अलावा अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। उन्होने आगे कहा कि गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों, पशुपालकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होने आगे कहा कि राज्य शासन की '' नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी '' योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में कुल 08 गोठान बनाए जाने हैं।

नाबालिग लड़कियों की आत्महत्या गंभीर चिंता का विषय : कृष्ण

कोंडागांव (नव प्रदेश)। केशकाल विधान सभा के पूर्व विधायक कृष कुमार ध्रुव ने बस्तर अंचल में लगातार नाबालिग युवतियों के साथ हो रहे अनाचार हत्या व आत्म हत्या को लेकर कहा कि यह समाज व शासन प्रशासन के लिए एक गंभीर सोचनीय विषय है जिस पर चिंता व्यक्त करते पूर्व विधायक ने कहा की बाल अधिकार आयोग महिला आयोग एवं सरकार को बढ़ते महिला अपराध एवं आत्महत्या के प्रकरणों पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। पूर्व विधायक ध्रुव का कहना है कि हमारे आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग में नाबालिग बच्चीयों और अविवाहित लड़कियों के सांथ दुष्कर्म करने का तथा उनके द्वारा आत्महत्या-हत्या करने का जो आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है वो चिंता पैदा करने वाली है। गांव में आज भी अशिक्षा अज्ञानता है और प्रभावी लोगों का बोलबाला जिसके चलते रेप गैंगरेप आत्महत्या जैसे गंभीर ह्रदयविदारक घृणिंत अपराधों को दबा दिया जाता है जैसे की अभी हाल में फरसगांव तहसील धनौरा थाना के छोटे ओडागांव का मामला उजागर हुआ है। अत्यंत विडंबनापूर्ण बात यह भी है कि कानून के रखवाले जिन्हे हम रक्षक मानते हैं वो भी चंद रूपयों के खातिर रक्षक की बजाय भक्षक की भूमिका अदा करने से भी बाज नहीं आते ।वही पूर्व विधायक ने कहा कि यदा कदा छोटे ओडागांव जैसा मामला उजागर हो जाता है और उसमें देशभक्ति जनसेवा का तमगा लगाने वाले जिम्मेदार पुलिस अधिकारी की भूमिका भी उजागर हो जाती है तो उसे बहुत सामान्य तौर पर लेते हुए निलम्बित करके बख्श देने की कोशिश किया जाता है।

कुरुद में शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि का शुभारंभ

कुरुद (नवप्रदेश)। शनिवार को शारदीय नवरात्रि की शुरुआत देश भर में हो गयी। नौ दिनो तक माता रानी की पूजा अर्चना और प्रेममयी भक्ति का आगाज हो गया है।कुरुद के प्रमुख पंडालों में माता रानी शुभ मुहूर्त में विराजित हो गयी ,वंही देवी मंदिरों में ज्योत कलश की स्थापना भी की गई।वैश्विक महामारी कोरोना के चलते इस बार वातावरण में जरूर फीकापन आया है,पर भक्तों का उत्साह कम नही हुआ है।नगर और अंचल में जगतजननी के स्थापना की तैयारी जारी थी और आज सुबह से ही माता के भक्तों द्वारा ÷जय माता दी÷ के बोल के साथ शक्ति स्वरूपा को स्थापित कर उसे पूजने का सिलसिला आज से प्रारम्भ हो गया।अब अगले नौ दिनों तक माता सेवा श्रृंगार और का मनमोहक वातावरण गूंजता रहेगा। माता रानी नौ रूपों शैलपुत्री ,ब्रह्मचारिणी ,चंद्रघंटा ,कूष्माण्डा ,स्कंदमाता ,कात्यायनी ,कालरात्रि ,महागौरी एवं सिद्धिदात्री माता जग का कल्याण करने और भक्तों के संकटो को तारने धरती पर आती है।

कोरोना संक्रमित एसईसीएल कर्मी ने बिलासपुर में तोड़ा दम

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के 19 दिनों तक संघर्ष करने के बाद अंततः एसईसीएल कर्मी ने बिलासपुर किम्स अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र ने इएसआइसी कोविड अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने ध्यान नहीं दिया। जिसकी वजह से उनके पिता बाथरूम में गिर गए और चोटें आई। उसके बाद हालत खराब होते चली गई। साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) रजगामार में कन्वेयर आपरेटर के पद कार्यरत तुलाराम कुर्रे 54 साल की रिपोर्ट 25 सितंबर को पाजिटिव आई। पहले तो उसे प्रशासन ने घर पर ही क्वारंटाइन किया और मेडिसिन दी गई। 27 की रात को खांसी व दस्त की शिकायत पर उसे इएसआईसी कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया। तुलाराम के पुत्र चंद्रप्रकाश का कहना है कि उनकी बातचीत फोन पर 28 व 29 सितंबर तक हुई, पर 30 सितंबर को फोन नहीं आया तो अस्पताल के रिसेप्शन पर काल कर संपर्क करने की कोशिश की गई। बड़ी मुश्किल से किसी नर्स ने फोन उठाया और बताया कि उसके पिता बाथरूम में गिर गए थे। इसलिए हल्की चोट आई है, जल्द ठीक हो जाएंगे। चंद्रप्रकाश का कहना है कि अच्छे इलाज के लिए उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया और कोसाबाड़ी स्थित कृष्णा अस्पताल रेफर करा लिए।

पुलिस ने चोरी के मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

सूरजपुर (नव प्रदेश)। दिनांक 14.10.2020 को ग्राम डुमरिया निवासी तुलेश्वर राजवाड़े ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर के अंदर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सहित अन्य वस्तुओं कीमत 37 हजार 9 सौ रूपये को चोरी कर लिया, रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। दूसरे मामले में दिनांक 16.10.2020 को ग्राम नरेशपुर निवासी साथराम चैधरी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने मकान में 05 अगस्त को ताला लगाकर ससुराल गया था जो पिछले दिन इसके भाई सुखराम ने फोन कर बताया कि रात में कोई अज्ञात चोर घर में चोरी किया है तब यह अपने घर आकर देखा तो आलमारी में रखा 10 हजार नगदी रकम, कांस का थाली व लोटा कुल 12 हजार रूपये की चोरी किया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना प्रभारी को चोरी के मामले में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।

मंदिरों के पट नही खोलने एवं मदिरालय चालू करने पर सांसद मंडावी ने किया कटाक्ष

काँकेर। भारतीय जनता पार्टी कांकेर के सांसद मोहन मंडावी ने कांग्रेसी सरकारों पर मंदिरों के पट नही खोलने एवं मदिरालय चालू करने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज इस सरकार ने छग को देश में दूसरे नंबर की खपत वाला शराबी प्रदेश बना दिया है। श्री मंडावी ने प्रदेश की भूपेश सरकार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आगे कहा कि बहुसंख्यक हिन्दु समाज अपने इष्ट देवी देवताओं पर भक्तिभाव से आश्रित रहा है उनके दुख का साथी भगवान ही है तथा मंदिरों में अपने विग्रह के सामने बैठ कर कष्ट से मुक्ति की प्रार्थना करते हैं।

आज स्थिति यह है कि हमारा धर्मप्राण समाज नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठपूजा जैसे त्यौहार से वंचित होते जा रहा है।

विधायक ने कटगोडी में दी छात्रावास की सौगात

बैकुंठपुर (नव प्रदेश)। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व भगतपुर सोनहत छेत्र के विधायक गुलाब कमरो लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं ! उन्होंने ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं की चिंता करते हुए सोनहत एवं कटगोडी में 3 करोड़ 83 लाख की लागत से बनने वाले प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास की एक बड़ी सौगात दी है ! विधायक गुलाब कमरो की संवेदनशीलता एवं अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ शासन का आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा दोनों प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावासों को अपनी मंजूरी देकर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

नवरात्रि पर्व में पूजा स्थल में वीडियोग्राफी कराने के निर्देश

कांकेर (नव प्रदेश)। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण के लिए नवरात्रि पर्व में मूर्ति स्थापना, पूजा स्थल में वीडियो ग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं। नवरात्रि पर्व में आयोजन समिति, आयोजनकर्ता द्वारा मूर्ति स्थापना एवं पूजा स्थल में आने -जाने वाले समस्त आगंतुकों का संपूर्ण वीडियो ग्राफी किया जावेगा।

नाराजगी | प्रदेश में लगातार हो रहे अनाचार पर शासन प्रशासन नही उठा रहा ठोस कदम - सर्व समाज

इरशाद हत्या कांड को लेकर सर्व समाज पहुंचा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने

नव प्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। सर्व समाज की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तीन अलग-अलग मामलो को लेकर ज्ञापन सौपा है। बंगाराम सोरी व अन्य समाज प्रमुखों के नेतृत्व में शुक्रवार 16 अक्टूबर को अलग अलग मामलो को लेकर सर्व समाज राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने कलेक्ट्रेट पहुंचा था।

सर्व समाज ने ग्यापन सौपते कहा कि राजधानी रायपुर में बस्तर के एक युवा की हत्या कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है।बंगा राम ने कहा कि बस्तर के लोगो में राजधानी के सफर को लेकर अब भय नजर आ रहा है,शासन को विशेष अभियान चलाना पड़ेगा कि यहाँ के लोग खुद को भय मुक्त महसूस कर सकें।

वहीं हत्या की उच्चस्तरीय जांच व मृतक इरशाद (चाउस) के परिजनों को आर्थिक सहायता सहित बच्चो के शिक्षा के प्रबंधन के लिए आग्रह किया गया है। अलावा ग्राम बंजोडा की युवती के आत्महत्या के मामले की न्यायिक जांच करवाने व उसकी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का खुलासा किये जाने को लेकर व छोटे ओडागाव में अनाचार व युवती के आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराते दोषियों को कठोर दंड व परिजनों को मुवावजे की मांग के अलावा एक शासकीय कर्मचारी की

शिकायत को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया है।जिसमे जिला मुख्यालय के जल संसाधन विभाग में एसडीओ के तौर पर पदस्थ चितरंजन खोब्रागडे जो दो दशक से भी ज्यादा समय से एक ही स्थान पर पदस्थ है, उन्हें तत्काल हटवाने व उनके कार्यो की जांच करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा वही विभागीय महिला कर्मचारी से अभद्रता पर मामला दर्ज के बावजूद अब तक कार्यवाही न होने को लेकर पीड़ित महिला के साथ सर्व समाज खड़ा नजर आया।सर्व समाज जिला कोंडागाँव के द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर द्वारा कलेक्टर कोंडागाँव को ज्ञापन सौंपा गया इस कार्यक्रम में सर्व समाज पदाधिकारी शामिल हुए सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोरी ,सर्व अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन ,सर्व पिछड़ा वर्ग जिला संरक्षक नीलकंठ शार्दूल, सीआर कोराम सर्व आदिवासी समाज संरक्षक, इरशाद खान मुस्लिम समाज लखमु राम टंडन सतनामी समाज ,जीवन लाल नाग आदिवासी समाज ,भारत जैन कलार समाज ,यतींद्र सलाम युवा प्रभाग ,सुरेंद्र मिश्रा ब्राह्मण समाज ,गुरूचरण मारकन्डेय सतनामी समाज, तरूण नाग उत्कल समाज ,बसंत साहू साहू समाज ,पीडी विश्कर्मा विश्वकर्मा समाज ,भरत लाल वर्मा कुर्मी समाज ,गणेश मरावी आदिवासी समाज, शंकरलाल नेताम सामाजिक कार्यकर्ता ,फतेह सिंह जुर्री संगठन मंत्री सर्व आदिवासी समाज ,बाल सिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र सुराना, रंजीत गोटा आदिवासी युवा प्रभाग ,शिवा नेताम जिला उपाध्यक्ष आदिवासी समाज, बुधराम नेताम सामाजिक कार्यकर्ता, राजेंद्र बघेल शिल्प कलाकार, शिशिर प्रकाश पटेल पटेल समाज, श्रीमती स्नेह लता राजू, बाल सिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य, व अन्य कार्यक्रम में शामिल रहे।

महामाया के दरबार में जला आस्था का ज्योत

नव प्रदेश संवाददाता

नवागढ़। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शनिवार को माता के दरबार में शुभ मुहूर्त में आस्था के ज्योत जले। नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर में सुबह से देर-रात तक कोरोना गाइडलाइंस के चलते पिछले वर्षों की तुलना में कम संख्या में लेकिन पूरी श्रद्धा के साथ भक्त दर्शन करने पहुंचते रहे। माँ महामाया मन्दिर में परंपरा अनुसार प्रथम व प्रमुख ज्योत नगर प्रधान विकास धर दीवान ने आचार्य श्रीकांत शर्मा के मंत्रोचार द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कर जलाया। ज्योति प्रज्ज्वलन के समय बंशीधर दीवान, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, राजेन्द्र मिश्रा,जितेंद्र नाथ योगी, रामनाथ योगी सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

नवागढ़ के प्रसिद्ध महामाया देवी की स्थापना गोड़ राजा नरवरसाय ने किया था। राजा शक्ति के उपासक थे, उन्होंने अपने किले के भीतर मां महामाई की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज उनके धार्मिक आस्था के रूप में नगर का मुख्य शक्ति आराधना केन्द्र है । जिसका प्रत्येक नवरात्र प्रथम ज्योत नगर के मालगुजार दीवान परिवार द्वारा जलाया जाता हैं। नगर के अलावा दूर-दराज के लोग भी देवी दर्शन कर अपने व परिजनों के लिए मंगलकामना करते नजर आए। नवागढ़ के मंदिरों में देर-रात तक मां के जयकारे गूंजते रहे। नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरों के पट के लिए खोल दिए गए थे। माता के दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार पिछले वर्षों की अपेक्षा काफी कम थी। वही पहले दिन से महिलाओं ने उपवास रखकर अपने सुहाग व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।अब वे 9 दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहेंगे। इस वर्ष महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत जलाए गए हैं।वही मुरता रोड स्थित मां शक्ति मन्दिर में ज्योत सहित माँ शारदा मन्दिर,लखनी देवी, गायत्री मन्दिर,भैरव बाबा, लक्ष्मीनारायण मन्दिर आदि में ज्योत जलाए गए।

बस स्टैंड में सजा माँ दुर्गा का पंडाल नहीं होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसके साथ ही नगर के बस स्टैंड में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य सुनहरा पंडाल सजाकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई है, जिसके संरक्षक विधायक गुरुदयाल बंजारे एवं अध्यक्ष शक्तिधर दीवान है। वही यजमान के रूप में वीरेन्द्र जायसवाल ने सहपत्निक पूजन किया। ज्ञात हो कि नवागढ़ का नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में चर्तित है, यहाँ प्रतिवर्ष शाम में स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते आ रहे है, लेकिन कोरोना के चलते इस वर्ष लोगो को इस अद्भुत नजारे से वंचित होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त नवागढ़ में ठाकुर देव महामाया पारा, देवांगन पारा,सुकुल पारा आदि स्थानों में पंडाल सजाकर माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई।

महर्षि स्कूल का तुगलकी फरमानन

फीस नहीं पटाया तो पेरैंट्स होंगे डिफाल्डर

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। महर्षि स्कूल मंगला की ज्यादती से स्कूली बच्चे और उनके परिजन मानसिक अवसाद झेल रहे है, जिसके खिलाफ अभिभावकों में आक्रोश है, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को फीस के नाम पर मानसिक प्रताड़ना की शिकायत परिजनों ने कलेक्टर से की है, और स्कूल प्रबन्धन के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। कोरोना संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन और उसके बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे अभिभावकों पर स्कूल प्रबंधन अब ज्यादती करने पर आमादा है। हाईकोर्ट से ट्यूशन फीस लेने के आदेश के बावजूद मंगला के महर्षि स्कूल में पूरी फीस ही ट्यूशन फीस बताकर वसूली जा रही है। स्कूलों पर कोई कार्रवाई न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन हौसले सातवें आसमान पर है, और वे कोरोना काल में आपदा में अवसर तलाश कर दूसरे सालों से ज्यादा कमाई की फिराक में है।

महर्षि स्कूल प्रबन्धन को तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मानसिक अवसाद की ओर धकेलने से भी गुरेज नहीं.. प्रबन्धन ने बाकायदा एक नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है, कि स्कूल की फीस जमा न करने वाले बच्चों को डिफाल्टर घोषित कर नोटिस चस्पा की जाएगी, इतना ही नहीं उसका फोटो खींचकर बच्चों के वॉट्सएप ग्रुप में भेजा जाएगा।

नोटिस मिलने पर स्कूली बच्चे दहशत में हैं, वहीं परिजन भी हैरान-परेशान हैं। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्कूल प्रबन्धन के खिलाफसख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर चल रहे कमाई के इस खेल ने कोरोना काल में आर्थिक तंगी झेल रहे परिजनों और उनके बच्चों को अवसादग्रस्त कर दिया है, ऐसे में कोई अप्रिय स्थिति न बने, इस ओर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए, ताकि बच्चे बेहतर माहौल में अपना भविष्य गढ़ सकें।

दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

भाटापारा। दो अलग मामलो में लम्बे समय से फरार स्थाई वारण्टीओ को न्यायालय के निर्देश पर शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव ने बताया की स्थाई वारंट के तामिली हेतु थाना स्टाप को निर्देशित किया गया था और न्यायालय के निर्देश के बाद *अपराध क्रमांक 340 / 2014 धारा 294 ,506 ,323 के आरोपी हेमंत मेहर पिता दुजराम मेहर उम्र 45 वर्ष निवासी भगत सिंह वार्डभाटापारा तथा अपराध क्रमांक 192/2003 धारा 25 ,27 आर्म्स एक्ट के आरोपी सुखमन उर्फ पल्ली यादव पिता पांडुरंग यादव उम्र 20वर्ष निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा को पकडा गया जिन्हे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

नीट : नक्सल प्रभावित ईलाके के किसान परिवारों के बच्चों ने मारी बाजी

■ सुरेश और सीमा को भाई-बहनों ने पढ़ाई के लिए किया उत्साहवर्धन

■ कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बच्चों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिले के धुर नक्सली प्रभावित ईलाके के सामान्य कृशक परिवारों के 5 बच्चों ने देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को क्वालीफाई कर अपनी मेहनत और लगन को साबित कर दिया है। वहीं ये सभी बच्चे साधनों की कमी और दूरस्थ ईलाके से होने के वाबजूद इस सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गये हैं। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा खनिज न्यास निधि से संचालित ''छूलो आसमान'' संस्था बीजापुर में अध्ययनरत् अजय कलमूम, सुरेश मड़कम, सीमा भगत, षीनू झाड़ी और हरीश एगड़े ने अपनी मेहनत और अथक लगन के बलबूते नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। अब उक्त बच्चों को काउन्सलिंग में शामिल होकर देश की मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई हेतु अवसर मिलने की संभावना है। जिला कलेक्टर रितेश अग्रवाल जिले के सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों के इन बच्चों की सफलता पर उन्हे बधाई देने के साथ ही अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होने इन बच्चों की सफलता के लिए ''छूलो आसमान'' संस्था के शिक्षकों को भी बधाई देते हुए आगामी प्रवेष परीक्षाओं के लिए बच्चों को बेहतर कोचिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने कहा है। देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई करने वाले इन बच्चों में उसूर ब्लॉक अंतर्गत कोत्तागुडम निवासी सुरेश मड़कम के पिताजी का स्वर्गवास हो चुका है। सुरेश ने बताया कि माताजी शांति सहित दो बड़े भाई संतोश और अर्जुन खेती-किसानी कर उसे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सुरेश भी 12वीं में 60 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने भाईयों के सपने को साकार करने कृतसंकल्पित है।

सुरेश ने नीट प्रवेश परीक्षा में 24115वां अखिल भारतीय रैंक हासिल किया है। इसी तरह भैरमगढ़ ब्लाक के बेंचरम निवासी अजय कलमूम ने नीट में 23390वां रैंक हासिल किया है। अजय ने बताया कि उसके माता-पिता रामेश्वरी और सोमारू खेती-किसानी कर उसे पढ़ाई करवा रहे हैं, अजय को भरोसा है कि उसे मेडिकल कॉलेज में अवश्य प्रवेश मिलेगी। वहीं बीजापुर निवासी सीमा भगत ने बताया कि पिताजी का स्वर्गवास हो चुका है और बड़े भाई अर्जुन भगत उसकी पढ़ाई पर ध्यान दे रहे हैं एक छोटे भाई प्रीतम बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। सीमा ने बताया कि माता बृहस्पति भगत गृहणी हैं और उसकी पढ़ाई पर सतत् ध्यान देती हैं। सीमा को नीट में 26454वां रैंक मिला है। बीजापुर के ही रहने वाले हरीश एगड़े और बीजापुर ब्लाक के पापनपाल निवासी सीनू झाड़ी ने भी देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई कर जिले का नाम रौशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी डी समैया और छूलो आसमान संस्था के प्राचार्य बसमैया अंगनपल्ली ने बताया कि घोर माओवाद प्रभावित ईलाके के इन बच्चों की सफलता से हम सभी खुश हैं और अब उक्त बच्चों को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित करवायेंगे। इन बच्चों की सफलता से अन्य बच्चों को पढ़ाई एवं तैयारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसे मद्देनजर रखते हुए आगामी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के लिए संस्था के बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही विषेशज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन सुलभ कराया जायेगा।

2.14 क्विंटल गांजा समेत तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

■ अन्तर्राजीय गांजा तस्कर ट्रक के साथ गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। विवेकानंद सिन्हा पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग द्वारा बॉडर पर अवैध शराब, गांजा तस्करो एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किये जाने हेतु श्री शलभ सिन्हा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा जिला इकाई कबीरधाम के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों प्राप्त आदेशों की तामिली करते हुए निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी चिल्फी द्वारा अपने सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए दिनांक 17.10.2020 को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर जबलपुर मुख्य मार्ग पर रायपुर से जबलपुर की आ रही एक बारह ट्रक जिसकी गतिविधि संदिग्ध है उक्त सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुवे प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के साथ थाने के सामने मुख्य मार्ग पर चलित बेरिकेटिंग के माध्यम से संदिग्ध ट्रक को रुकवाकर कानूनी प्रकियायो का पालन करते हुवे ट्रक क्रमांक ॥क्र73 0039 कि तलाशी ली गई । तलाशी पश्चात ट्रक के केबिन में छुपाकर रखे कुल 214.600 ग्राम गाजा जप्त कर आरोपी चालक मुस्तुफा खान पिता इब्राहिम खान उम्र 28 साल साकिन सराय खटेला थाना होडल जिला पलवल हरियाणा राज्य को गिरफ्तार किया गया । कुल वजनी दो क्विटल चौदह किलो क्षः सौ ग्राम (2.14 किलो 600 ग्राम) कुल कीमत 25 लाख रूपये को जप्त किया गया एवं घटना में प्रयुक्त बारह चक्का वाहन कुल कीमती पंद्रह लाख रूपये को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियो से पूछताछ करने पर गांजा को अवैध तस्करी करते हुए धन लाभ अर्जित करने हेतु उड़ीसा राज्य से लाकर कबीरधाम होते हरियाणा जिले के विभिन्न जिलों में खपाने की तैयारी में थे।

इस संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री अजित ओगरे के निर्देशन में चिल्फी थाना स्टाप, डायल 112 के कर्मचारी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

मरवाही विस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ ध्रुव के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार

■ गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का सर्वांगीण विकास कांग्रेस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ के.के. ध्रुव के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार आरंभ कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम 17 अक्टूबर को मरवाही विधानसभा उपचुनाव में जनसंपर्क कार्यक्रम सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत लोहारी, 11 बजे कटरा, दोपहर 12 बजे बेलझिरिया, दोपहर 1 बजे उषाढ़, दोपहर 2 बजे गुम्माटोला, दोपहर 3 बजे बरौर, शाम 4 बजे टिकठी, शाम 5 बजे बगडार, शाम 6 बजे तेन्दुमुड़ा और रात्रि 7 बजे कछार में जनसंपर्क करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम 18 अक्टूबर को मरवाही विधानसभा उपचुनाव में जनसंपर्क कार्यक्रम सुबह 10 बजे वनाडोंगरी, सुबह 11 बजे गनैया, दोपहर 12 बजे झिरियाटोला, दोपहर 1 बजे परासी, दोपहर 2 बजे चंगेरी, दोपहर 3 बजे करहनी, शाम 4 बजे डडिया, शाम 5 बजे पोंडी, शाम 6 बजे पिनौची और रात्रि 7 बजे मालाडांड में जनसंपर्क करेंगे।

मरवाही विधानसभा चुनाव के घोषित होने के बहुत पहले से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम लगातार गौरेला, पेंड्रा और मरवाही का दौरा कर रहे और उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क भी स्थापित किया और कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विकास कार्यो और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने संगठनात्मक सक्रियता के परिणामस्वरूप मरवाही के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस बार विशेष उत्साह का संचार हुआ है।

भाजपा और भाजपा की बी

गौरवपथ में बनेगी 33 नई दुकानें, पालिका की बैठक में प्रस्ताव पास

■ 3 करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगर के गौरवपथ में जल्द ही 33 नई दुकाने बनेगी। इसके लिए पालिका के सामान्य सभा में एक करोड़ 25 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए दो करोड़ पांच लाख के विभिन्न निर्माण कार्यो का सामान्य सभा की बैठक में परिषद ने अनुमोदन किया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य सभा में बैठक में नगर के विकास को लेकर विभिन्न मुददो पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से 3 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया है। इसमें नगर के वार्ड क्रमांक 03 में गौरवपथ के समनांतर 33 नई दुकान बनाए जाने को लेकर भी प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति दी गई हैं। उन्होने बताया कि नई दुकान बनने से नगरवासियो को रोजगार हेतु दुकाने उपलब्ध होगी। इससे रोजगार भी बढ़ेगा और गरीब तपके के लोगो को रोजगार के लिए उचित जगह भी उपलब्ध होगी। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नई दुकाने बनने से गौरवपथ में भी रौनक आएगी।

इसके अलावा सामान्य सभा की बैठक में 15 वे वित आयोग अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु 50 लाख, नगर पालिका परिषद गरियाबंद कार्यालय भवन के प्रथम तल में ब्याज मद से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु 18 लाख,

शासन के स्वीकृति अनुसार गौठान निर्माण कार्य हेतु 18 लाख, 108 पुलिस आवास गृह में जलप्रदाय हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य हेतु 17.50 लाख, वार्ड क 03 संतोषी मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 15 लाख, वार्ड कमांक 03 आंगनबाडी केन्द्र का डिस्मेंटल कर नवीन आंगनबाडी भवन निर्माण हेतु 5 लाख, वार्ड क्रमांक 09 स्थित शुक्रवारी बाजार में क्रांकटीकरण एवं पेवर ब्लाक कार्य हेतु 15 लाख, वार्ड क्रमाक 09 स्थित महेन्द्रा होटल के पीछे से चंड़ी चैक तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 11 लाख, वार्ड कमाक 02 में आंगनबाड़ी से नीतू देवदास के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य हेतु 8 लाख, वार्ड कमाक 09 स्थित बस स्टैण्ड में बीटी (डामरीकरण कार्य) रोड निर्माण कार्य हेतु 35 लाख, वार्ड कमांक 15 में मुख्य मार्ग से साहेब खान घर तक पेवर ब्लाक लगाए जाने 15 लाख, वार्ड कमांक 15 में शीतला मंदिर परिसर का समुचित विकास कार्य हेतु 18 लाख, वार्ड क्रमांक 10 में जावेद मेमन के घर से ठाकुर दिया तक पेवर ब्लॉक लगाए जाने हेतु 5 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कपोस्टिंग शेड परिसर स्थित तालाब को स्वसहायता समुह को मछली पालन हेतु देने तथा स्वसहायता समुह द्वारा कपोस्टिग शेड परिसर में उद्यान एवं नर्सरी तैयार करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, श्रीमति गुलेश्वरी ठाकुर, नीतू देवदास, पार्षद रिखीराम यादव, विष्णु मरकाम, रितिक सिन्हा, संदीप सरकार, श्रीमति विमला साहू, श्रीमति प्रतिभा पटेल, श्रीमति ज्योति साहनी, श्रीमति पदमा यादव, देवा मरकाम, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि ममता राठौर सहित नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, इंजी अश्वनी वर्मा, हरीश मांझी सहित पालिका के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राजा शर्मा भाजपा के शहर मंत्री बने, मिली बधाई

__भाटापारा (नव प्रदेश)।__ भाजपा शहर मण्डल की जारी सूचि में राजा शर्मा को मंत्री बनाये जाने पर उसके शुभ चिंतको ने खुशी जाहिर की है वही राजा शर्मा ने मिली जवाबदारी के लिए विधायक शिवरतन शर्मा सहित संगठन के नेताओ के प्रति अभार जताया है। नगर के युवा सक्रिय भाजपा कार्यकर्त्ता राजा शर्मा को भाजपा शहर मण्डल की सूचि में मंत्री पद से नवाजा गया है। शहर मण्डल की सूचि मण्डल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह गुम्बर ने शुक्रवार को जारी की थी। इस सूचि में संजय वार्ड के युवा नेता राजा शर्मा का नाम मंत्री पद पर आने के बाद राजा शर्मा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवम् विधायक शिवरतन शर्मा,जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगडे,जिला महामन्त्री राकेश तिवारी मण्डल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह गुम्बर सहित समस्त भाजपा संगठन के नेताओ के प्रति अभार जताते हुए उन्हें विस्वास दिलाया है की पार्टी नेताओ ने जो जवाबदारी उन्हें सौपी है उस पर वे खरा उतरने पूरा प्रयास करेंगे। दूसरी ओर राजा शर्मा के मण्डल मंत्री बनने की खबर मिलते ही उनके शुभ चिंतको ने उनके निवास पहुँच कर और दूरभाष के माध्यम से लगातार बधाई सन्देश प्रेषित कर रहे है। अपने को मिल रही बधाई से वशीभूत होकर अपने सभी चाहने वालो गोविन्द बिस्सा,मयूर शर्मा,श्रेणिक गोलछा,जैकी जैन रतन शर्मा,लल्लू बालाजी,पंकज जैन,गुलाब गिदवानी, राकेश तिवारी,रवि सोनी,गिरधर अग्रवाल,सोनू पटाक,अरविन्द जैन,अमित मिश्रा ,संकेत गिदवानी,को राजा शर्मा ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।